▪ चैत्र शुक्ल - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 260 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 19-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 राहुल गांधी में अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है : सिंह
6 फ्लॉप शो साबित हो रहे राहुल गांधी के चुनावी जुमले
7 'थलाइवा 171' में नजर आ सकती हैं श्रुति हासन

## फर्स्ट टेक

### हिंदुस्तान जिंक बनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी

**नई दिल्ली/भाषा।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान स्थित उसकी सिंदेसर खुर्द खान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक खान बन गई है। पिछले साल यह चौथे स्थान पर थी। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेबर ने कहा कि चांदी वैश्विक ऊर्जा संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हिंदुस्तान जिंक के उत्पादन में सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। कंपनी के पास भारत में बढ़ते जस्ता बाजार में 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इसका मुख्यालय उदयपुर में है। इसकी जस्ता, सीसा खदानें और गलाने के परिसर पूरे राजस्थान में फैले हुए हैं।

### तुर्किये में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया

**अंकारा/एपी।** तुर्किये में बृहस्पतिवार को का भूकंप तेज झटका महसूस किया गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, राजधानी अंकारा से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में स्थित टोकाट प्रांत के सुलुसराय शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, टोकाट के पड़ोसी प्रांतों में भी भूकंप का झटका महसूस किया गया।

### भारत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया

**बालासोर (ओडिशा)/भाषा।** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से 'स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल' (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह जानकारी दी। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल प्रक्षेपण-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेश संचालित लंबी दूरी की 'सब-सोनिक' क्रूज मिसाइल का सफल निर्माण भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के लिए एक प्रमुख उपलब्धि है। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे।

| | |
|---|---|
| 19-04-2024 सूर्यास्त 5:53 बजे | 20-04-2024 सूर्योदय 6:22 बजे |
| BSE 72,488.99 (-454.69) | NSE 21,995.85 (-152.05) |
| सोना 7,606 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 90,000 रु. प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### उलटबांसी

बहरों की सभा सुन रही है,
गूंगे अब गाते मधुर गान।
लूले मैराथन जीत रहे,
बाबाजी देते अतुल दान।
गुणवान सड़क पर घूम रहे,
हो रहा ढपोरों का बखान।
हर तरफ भ्रष्ट ही भ्रष्ट मगर,
अपना भारत फिर भी महान।।

## आतंकवाद के खिलाफ सीमा पार भी कार्रवाई कर सकता है भारत : रक्षा मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मवेलिक्कारा (केरल)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर भारत आतंकी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए सीमा पार कार्रवाई करने की क्षमता रखता है। उन्होंने यहां कहा, अगर कोई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश करता है, तो हमारे पास यहां उससे निपटने की शक्ति है और जरूरत पड़ने पर, सीमा के दूसरी ओर भी कार्रवाई कर सकते हैं।

सिंह ने भारतीय रक्षा बलों द्वारा 2019 में सीमा पार आतंकी शिविरों पर किए गए हवाई हमले का सबूत मांगने के लिए माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतंत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की आलोचना करते हुए यह बयान दिया। मवेलिक्कारा संसदीय क्षेत्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कांग्रेस और वाम दलों के सवालों को ''राष्ट्र-विरोधी प्रकृति का'' करार दिया और कहा कि देश के लोग इसके बारे में जानते हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के सुरेश मवेलिक्कारा से यूडीएफ उम्मीदवार हैं, जहां भाकपा के सीए अरुण कुमार एलडीएफ उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। भाजपा नीत गठबंधन की ओर से भारत धर्म जन सेना (बीजेडीएस) के बैजू कलाशाला मैदान में हैं।

## भाजपा इस बार दक्षिण भारत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दक्षिण भारत में अपना 'सर्वश्रेष्ठ' प्रदर्शन करेगी। गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार शाह अहमदाबाद शहर में एक रोड शो के दौरान 'पीटीआई-भाषा' से बात कर रहे थे। शाह ने कहा, ''पूर्व हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण- देश का माहौल बताता है कि हमें 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। दक्षिण भारत में भाजपा का प्रदर्शन इस बार सबसे अच्छा होगा।

शाह ने दावा किया कि भाजपा गुजरात में सभी 26 सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी और उत्तर प्रदेश में उसकी सीटों की संख्या अब तक की सबसे ज्यादा होगी।

गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें जीती थीं। अन्य तीन दक्षिणी राज्यों - केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी।

यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को कितनी सीटें मिलेंगी, शाह ने कहा, अगर हम 400 सीटों पर जीत हासिल करने जा रहे हैं, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि उनके लिए कितनी सीटें बचेंगी।'' उन्होंने कहा, देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास और उत्साह का माहौल है। किसान, महिलाएं, गरीब और युवा, सभी को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है और वे उनका समर्थन करने को लेकर उत्साहित हैं।

### ईवीएम मशीनों पर संदेह करने वालों से न्यायालय ने कहा

## हर चीज पर शक नहीं किया जा सकता



**नई दिल्ली/भाषा।** मतदाताओं की चुनावी प्रणाली में संतुष्टि और भरोसा के महत्व को रेखांकित करते हुए उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की प्रभाविता पर संदेह नहीं करें और अगर निर्वाचन आयोग अच्छा काम करता है तो उसकी सराहना करें। याचिकाकर्ताओं ने मतपत्रों के जरिए मतदान की व्यवस्था की ओर वापस लौटने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईवीएम के जरिए डाले गए मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण मिलान की मांग वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा कि हर चीज पर संदेह करना एक समस्या है। वीवीपैट एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जिसके तहत मतदाता देख सकते हैं कि उनका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं।

पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब याचिकाकर्ता गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने वीवीपैट मशीनों पर पारदर्शी कांच को अपारदर्शी कांच से बदलने के आयोग के 2017 के फैसले को उलटने की मांग की है, जिसके जरिए कोई मतदाता केवल सात सेकंड के लिए रोशनी चालू होने पर ही पर्ची देख सकता है।

भूषण ने कहा, मैं समझता हूं कि चुनाव एकदम नजदीक है। कम से कम, ईवीएम में बटन दबाने के बाद सात सेकंड तक जलने वाले बल्ब को लगातार जलने देना चाहिए।

पीठ ने ईवीएम की कार्यप्रणाली को समझने के लिए वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश कुमार व्यास के साथ करीब एक घंटे बातचीत की। पीठ ने भूषण से कहा कि मतदाताओं की संतुष्टि और भरोसा चुनावी प्रक्रिया का मूल हैं। पीठ ने कहा, श्रीमान् भूषण, अब आप काफी आगे जा रहे हैं। यह बहुत ज्यादा है। चाहे वीवीपैट मशीन पर पारदर्शी या अपारदर्शी कांच हो या बल्ब का जलना हो, मतदाता की संतुष्टि और भरोसा मायने रखता है...।'' उसने कहा, हर चीज पर शक नहीं किया जा सकता। आप (भूषण) हर चीज की आलोचना नहीं कर सकते। अगर उन्होंने (निर्वाचन आयोग) कुछ अच्छा काम किया है, तो आपको इसकी सराहना करनी होगी। आपको हर चीज की आलोचना करने की जरूरत नहीं है।

## ईडी ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कथित पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपए के शेयरों के अलावा एक बंगले और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया।

यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। उसने बताया कि इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपए है।

दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
का आह्वान



हमारा देश
सबसे महान
मतदान
उससे भी महान
तमिलनाडु के विकास के लिए
अवश्य करो मतदान
आज शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
– जनहित में जारी

## उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं, आरएसएस शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा



**नागपुर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरएसएस 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा क्योंकि उसका अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है।

एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में स्वयंसेवकों को अपना काम करते रहना चाहिए।

भागवत ने कहा, ''आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की कोई जरूरत नहीं है। संघ इसे संगठन का अहंकार बढ़ाने के लिए नहीं कर रहा है। संघ किसी संगठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने और कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने नहीं आया है।''

उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को बदलना चाहता है और मानता है कि समाज की जीत का आकलन धन सृजन से नहीं बल्कि धर्म से किया जाना चाहिए।

भागवत ने कहा, ''इस समाज की जीत अन्य समाज को सशक्त बनाएगी और (अंततः) जगत को लाभ पहुंचाएगी। आरएसएस ऐसे लोगों को तैयार करना चाहता है जो इस तरह से समाज में सुधार लाने की कोशिश करें। उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है।''

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज 102 सीटों पर मतदान; दो राज्यों में विस चुनाव भी

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह सात बजे शुरू हो कर शाम छह बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

# भाजपा की तमिलनाडु के लिए महत्वाकांक्षाएं और वर्चस्व बरकरार रखने की परीक्षा

## तमिलनाडु में मतदान आज




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में द्रविड़ दलों को चुनौती देने वाली ताकत के रूप में उभरने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महत्वाकांक्षा और देश में अपना वर्चस्व बरकरार रखने की प्रतिबद्धता की शुक्रवार को कड़ी परीक्षा होगी जब सात चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान शुरू होगा।

पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ सत्तारूढ़ पार्टी के लिए काफी कुछ दांव पर लगा है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अधिक बहुमत मांग रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि') के लिए भी चुनौती कम नहीं है जिसके कई घटक दल अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं और 2014 तथा 2019 के चुनावों में हार के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। एक ओर जहां जे. जयललिता की मौत के बाद मुख्य विपक्षी दल अन्ना द्रमुक संघर्ष कर रहा है तो वहीं भाजपा के जोरदार प्रयासों ने तमिलनाडु में चुनावी मुकाबले को रोमांचक बना दिया है।

राज्य में सभी 39 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल पायी थी। मोदी ने भाजपा का नेतृत्व करते हुए चुनाव की घोषणा से काफी पहले ही राज्य के कई दौरे किए और वहां पर कई रैलियां तथा रोड शो भी कर रहे हैं।

कुछ छोटे दलों को अपने पाले में शामिल करने वाली भाजपा भ्रष्टाचार के अलावा सनातन धर्म के कथित अपमान के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक मुन्नेत्र कषगम को सीधी चुनौती देकर उस राज्य की पारंपरिक राजनीति को पलटना चाहती है जो अभी तक हिंदुत्व की राजनीति से उदासीन रहा है। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने राज्य में भाजपा के मत प्रतिशत में बड़ी वृद्धि का अनुमान जताया है जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलई ने दावा किया कि राज्य में उसकी सीटें दोहरे अंकों में आएगी।

यह ऐसा राज्य है जहां भाजपा ने अन्नामलई के प्रतिनिधित्व में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व पर काफी भरोसा किया है। राजनीति में आने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से इस्तीफा देने वाले अन्नामलई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को जब राज्य में नतीजे आएंगे तो इसका व्यापक असर होगा। यदि तमिलनाडु में भाजपा की महत्वाकांक्षाओं और अपील की एक परीक्षा है तो पहले चरण में अन्य क्षेत्रों में भी कई और समीकरण बन रहे हैं।

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 2019 में इन 102 सीटों में से 39 पर जीत हासिल की थी जिनमें राजस्थान, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में क्रमश: 12, पांच और तीन सीटें शामिल हैं। उसके मौजूदा सहयोगियों के पास इनमें से सात सीटें हैं। शुक्रवार को जिन प्रमुख राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है उनमें उत्तर प्रदेश में आठ सीट, मध्य प्रदेश में छह, महाराष्ट्र और असम में पांच-पांच तथा बिहार में चार सीटें शामिल हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि राजस्थान में जाटों के एक वर्ग के बीच असंतोष और कुछ नेताओं की बगावत ने राज्य की सभी 25 सीटों को बरकरार रखना राजग के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

# अशोक लेलैंड ने डीलरों के वित्तपोषण के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ की साझेदारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड लिमिटेड ने डीलरों के वित्तपोषण के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा, कंपनी ने बैंक के डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत बैंक डीलरों को प्रतिस्पर्धी वित्त विकल्प प्रदान करेगा। अशोक लीलैंड के निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) गोपाल महादेवन ने कहा कि इस साझेदारी से कंपनी के डीलरों को उचित वित्तपोषण समाधान मिलेंगे। साउथ इंडियन बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एसएस ने कहा कि यह साझेदारी दोनों संगठनों की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करेगी।

# नल कनेक्शन मिला लेकिन पानी नहीं : आदिवासियों को आधे-अधूरे प्रलोभनों से फुसला रहे नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में नागरहोल के जंगलों में जेनू कुरुबा जनजाति के करीब 60 परिवारों की बस्ती नागरहोल गड्डे हाडी में एक छोटे-से कमरे में बैठकर करीब पांच से छह घंटों तक पढ़ाई करना ही बच्चों के लिए सबकुछ नहीं है लेकिन बस्ती में एक नयी आंगनवाड़ी में बैठे तीन से 10 वर्ष की आयु के करीब सात बच्चों की खुशी जाहिर है। बच्चे जानते हैं कि यह ऐसी सुविधा है जो उनसे पहले किसी को नहीं मिली। यह आंगनवाड़ी वन्य बस्ती में बनी इकलौती पक्की संरचना है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्जा जे के भाग्या ने बताया कि 12 फुट लंबा और 12 फुट चौड़ा यह कमरा कई वर्षों की खुशामद के बाद संभवत: चुनाव नजदीक आने के कारण पिछले साल जुलाई में बना था। उन्होंने बांस की एक संरचना दिखाते हुए कहा, ''हमें शौचालय भी मिल गया है। इससे पहले हम खुले में काम कर रहे थे।'' यह बस्ती वर्षों से कई बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है और चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के नेता यहां के मतदाताओं को आधे-अधूरे प्रलोभनों के जरिये फुसलाने की कोशिश करते हैं।

इस बस्ती के प्रमुख जे के थिम्मा ने बताया कि जेनू कुरुबा समुदाय दशकों से मूलभूत सुविधाओं जैसे कि भूमि अधिकार, पानी तथा बिजली तक पहुंच के लिए सरकार से लड़ रहा है। थिम्मा नागरहोल बुडाकट्टू जम्मा पाली हक्कुस्थापना समिति' के भी अध्यक्ष है जिसके बैनर तले यह समुदाय अक्सर अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करता है। नागरहोल बाघ अभयारण्य की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह वन 45 आदिवासी बस्तियों या जेनू कुरुबा, बेट्टा कुरुबा, येरावास और सोलिगा समुदायों के 1,703 परिवारों का घर है। इसमें कहा गया है कि वन में रह रहे आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं बनायी हैं। हालांकि, थिम्मा का कुछ और ही कहना है। उन्होंने कहा, वर्षों तक, उन्होंने हमें कुछ भी न देकर इन जंगलों से निकालने की कोशिश की है। इतने वर्षों में, हम यह सीख गए हैं कि कागज पर कई कल्याणकारी योजनाएं हैं लेकिन इनका लाभ बमुश्किल ही हम तक पहुंचता है। हमारे साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय से निपटने के लिए 2006 में वन अधिकार कानून पारित किया गया।

थिम्मा ने कहा, हमने 2009 में इसके प्रावधानों के अनुसार, अपने आवेदन जमा कराए थे लेकिन हम अब भी इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों को इन योजनाओं को लागू करने के लिए नौकरी पर रखा गया है उन्हें वक्त पर अपना वेतन मिल जाता है लेकिन हमें बमुश्किल ही ये लाभ मिल पाते हैं।

अब लोकसभा चुनाव से पहले जल जीवन मिशन के तहत छह महीने पहले प्रत्येक घर को नल कनेक्शन दिया गया और ज्यादातर को पीएम जनमन के तहत 400 वर्ग फुट पक्का मकान की स्वीकृति दी गयी है। जे एस रामकृष्ण (43) ने कहा, लेकिन अभी तक नल में पानी नहीं आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमें अगले चुनाव तक पानी मिल जाएगा। नागरहोल से करीब 70 किलोमीटर दूर एक छोटे से शहर इरुमद में रहने वाले लोगों के लिए स्थिति अलग नहीं है। यहां रहने वाले कुरुम्बा ने हड्डी जोड़ने के अपने पारंपरिक कौशल के कारण स्थानीय लोगों और आसपास के शहरों में प्रसिद्धि हासिल की है।



बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार प्रोफेसर एमवी राजीव गौड़ा ने गिग वर्कर्स के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने गिग वर्कर्स की समस्याएं सुनीं। आज के समय में घर तक सामान पहुंचाने व ाले गिग वर्कर्स के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। प्रो गौड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भविष्य में भी योजनाएं बनाएगी।

# भाजपा उम्मीदवार करंदलाजे का 'विवादास्पद' होना मेरे पक्ष में जाता है : कांग्रेस प्रत्याशी गौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु उत्तरी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एम वी राजीव गौड़ा ने आरोप लगाया है कि (उनकी प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी) भाजपा नेता शोभा करंदलाजे सांप्रदायिक विभाजन और ध्रुवीकरण में लिप्त रहने के लिए जानी जाती हैं जिसे यहां लोग नहीं चाहते हैं। पूर्व प्रोफेसर गौड़ा ने कहा कि लोग अच्छा जीवन जीना चाहते हैं , वे तरक्की और समृद्धि करना चाहते हैं, वे नहीं चाहते हैं कि क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव हो और उनमें विभाजन रहे। गौड़ा (60) पहले यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान में आर्थिकी एवं नीति पढ़ाते थे।

बेंगलूरु उत्तरी में लंबे समय से भाजपा की मजबूत पकड़ रही है लेकिन कांग्रेस के शोध विभाग के प्रमुख गौड़ा अपनी चुनावी संभावना को लेकर उत्साहित नजर आते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के 10 महीने के अंदर सिद्दरामैया की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार ने जिन पांच गारंटी योजनाओं को जमीन पर उतारा है, वे ऐसी चीजें हैं जो मुश्किल में फंसे लोगों की मदद कर रही हैं।

उनका कहना है कि (केंद्र द्वारा धनावंटन में) कर्नाटक के साथ की गयी नाइंसाफी की भावना और यहां की पिछली भाजपा सरकार के (खराब) रिकार्ड भी ऐसी चीजें हैं जो कांग्रेस के पक्ष में काम करेंगी।'

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा के सदस्य रहे गौड़ा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। गौड़ा ने कहा कि उनके लिए अच्छी बात है कि करंदलाजे बहुत ही 'विवादास्पद उम्मीदवार' हैं । करंदलाजे उडुप्पी-चिकमगलूर की निवर्तमान सांसद हैं और भाजपा ने उन्हें इस बार बेंगलूरु उत्तरी से चुनाव मैदान में उतारा है।

गौड़ा ने कहा, ''उन्हें (भाजपा प्रत्याशी को) उडुप्पी चिकमगलूर में अपने ही लोगों से 'वापस जाओ' के नारे सुनने पड़े... यहां (बेंगलूरु उत्तरी में) भी काफी ऐसे लोग हैं जो उनका सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसलिए मूल रूप से लोग महसूस करते हैं, वह ऐसी उम्मीदवार नहीं हैं जिन्हें वे समर्थन करना चाहते हैं।''

# येडीयुरप्पा के बेटे, स्वामी फकीरा दिगलेश्वर समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन भरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येडीयुरप्पा के बेटे राघवेंद्र येडीयुरप्पा तथा शिरहट्टी फकीरेश्वर मठ के स्वामी फकीरा दिंगलेश्वर समेत प्रतिष्ठित उम्मीदवारों ने कर्नाटक में सात मई को दूसरे चरण के मतदान के लिए बृहस्पतिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। येडीयुरप्पा, जनता दल (सेक्यूलर) नेता एच डी कुमारस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और भाजपा-जद(एस) गठबंधन के कई अन्य नेताओं ने मौजूदा सांसद राघवेंद्र के समर्थन में विशाल रोड शो निकाला। राघवेंद्र ने बाद में शिमोग्गा से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र सौंपा। वह संसद में तीन बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रतिष्ठित संत दिंगलेश्वर स्वामी ने धारवाड लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। वह भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने जोशी पर सत्ता में बने रहने के लिए ''वीरशैव-लिंगायत तथा अन्य समुदायों को दबाने'' और लिंगायत मठों का दुरुपयोग करने और उनका अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा के दो सांसद पी सी गड्डीगौदर और उमेश जाधव भी क्रमश: बागलकोट और गुलबर्गा लोकसभा क्षेत्र से औपचारिक तौर पर मुकाबले में उतर चुके हैं।

कांग्रेस के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे को 2019 में हराने वाले जाधव अपने दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि की चुनौती का सामना कर रहे हैं जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। रायचुर से भाजपा के राजा अमरेश्वर नाइक ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। उनके प्रतिद्वंद्वी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जी कुमार नाइक (कांग्रेस) तथा मंत्री सतीश जारकीहोली की बेटी एवं चिक्कोडी से कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका जारकीहोली ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से 14 पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। बाकी की 14 सीटों पर दूसरे चरण में सात मई को मतदान होगा जिसके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की छंटनी 20 अप्रैल को होगी और 22 अप्रैल नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख है।

## येडीयुरप्पा के बेटे और पुत्रवधू के पास 73.71 करोड़ रुपये की संपत्ति

**बेंगलूरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता येडीयुरप्पा के बेटे और सांसद बी.वाई. राघवेंद्र ने अपने चुनावी हलफनामे में उनके और उनकी पत्नी के पास 73.71 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की घोषणा की है। शिवमोग्गा से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर बृहस्पतिवार को दाखिल नामांकन पत्र के साथ संलग्न हलफनामे में राघवेंद्र ने बताया कि उनके नाम पर 31.09 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है जबकि उनकी पत्नी तेजस्विनी के नाम पर 2.95 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। तीन बार के सांसद राघवेंद्र के नाम पर 24.76 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है जिनमें कृषि भूमि, गैर कृषि भूमि, वाणिज्यिक और रिहायशी भवन शामिल हैं। उनकी पत्नी भी 14.90 करोड़ रु. की अचल संपत्ति की मालकिन हैं। दंपति पर 13.61 करोड़ रुपये की देनदारी भी है।

राघवेंद्र (50) ने घोषणा की है कि उन्होंने 'बिजनेस मैनजमेंट' में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और उनके खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनके नाम पर एक लाख रुपये कीमत की एम्बेस्डर कार, 41.32 लाख रुपये की एक टोयटा फार्च्यूनर और 2.45 लाख रुपये कीमत का एक ट्रैक्टर है।



चिकबल्लापुर में कांग्रेस प्रत्याशी रक्षा रामैया के समर्थन में रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

# कांग्रेस कर्नाटक में 20 लोकसभा सीटें जीतेगी : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने गुरुवार को दावा किया कि कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में 20 सीटों पर जीत का परचम लहराएगी। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लेकर मतदाताओं की प्रतिक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर बी.वाई. विजयेंद्र की इस टिप्पणी पर कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की गारंटी बंद हो जाएगी, मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या नेता भविष्यवक्ता हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम कर्नाटक में अपना कार्यकाल पूरा करके रहेंगे। हम अगली बार भी सत्ता में आएंगे। बिना किसी कारण के मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई गारंटी बंद नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में गारंटी योजनाओं को लागू करने के लिए 52,000 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की जाएगी। चिक्कबल्लापुर शहर में मेगा रोड शो में भाग लेने और कांग्रेस उम्मीदवार रक्षा रमैया के लिए प्रचार करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कांग्रेस शानदार जीत दर्ज करने जा रही है। कर्नाटक में 28 लोकसभा की सीटें हैं। यहां दो चरणों -- 26 अप्रैल और 7 मई को चुनाव होंगे।

## सिद्दरामैया ने पुलिस भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी के घर जाने वाले भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधा

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती घोटाले के कथित मुख्य आरोपी के घर जाने वाले कलबुर्गी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार उमेश जाधव पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा वोट पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक समाचार की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा, यह हैरान करने वाला है लेकिन मैं आश्चर्यचकित नहीं हूं कि उमेश जाधव खाना खाने के लिए पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी आर.डी. पाटिल के घर गये। उन्होंने कहा, यह घोटाले से प्रभावित विद्यार्थियों के मुंह पर तमाचा है। भाजपा नेता वोट पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वे प्रभावित अभ्यर्थियों की दुर्दशा को खुलकर नजरअंदाज कर रहे हैं। सिद्दरामैया ने आरोप लगाया, ''भर्ती घोटालों को इस तरह का प्रोत्साहन मोदी की एक और गारंटी है। हमें अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।'' पुलिस भर्ती घोटाले के मामले में आरोपी को अदालत की शर्तों के तहत जमानत दी गयी। कर्नाटक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार कर सरकारी सेवा से निलंबित कर दिया गया था।

# बेंगलूरु हवाई अड्डे पर वीडियो रिकॉर्ड करने और झूठा दावा करने के आरोप में एक यूट्यूबर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में 23 वर्षीय एक यूट्यूबर को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में कथित तौर पर प्रवेश करने, एक वीडियो रिकॉर्ड करने तथा यहां पूरा दिन बिताने का झूठा दावा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को जानकारी देते हुए बताया कि येलहंका निवासी विकास गौड़ा ने सात अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे चेन्नई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान का टिकट लेकर हवाई अड्डे में प्रवेश किया था।



पुलिस के अनुसार, वह जानबूझकर विमान में नहीं बैठा और इसके बजाय वह हवाई अड्डे पर घूम कर अपने मोबाइल फोन में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था।

यूट्यूबर ने 12 अप्रैल को अपने यूट्यूब चैनल पर कथित वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में उसने यह झूठा दावा किया कि उसने हवाई अड्डे पर पूरा दिन बिताया और सुरक्षा की अनदेखी करते हुए हवाई अड्डा परिसर के कई क्षेत्रों में प्रवेश किया था। उसके यूट्यूब चैनल के लगभग 1.13 लाख सब्सक्राइबर हैं। उन्होंने बताया कि बाद में उसने कथित वीडियो को डिलीट कर दिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''23 वर्षीय यूट्यूबर ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में प्रवेश करने के बाद टर्मिनल-2 पर सुरक्षा जांच कराई और फिर उस क्षेत्र में प्रवेश किया जहां से विमान उड़ान भरता है। लेकिन वह विमान में चढ़ने के बजाय हवाईअड्डा परिसर में इधर-उधर घूम रहा था और उसने यहां करीब छह घंटे बिताए।'' उन्होंने बताया, ''वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद वह सुरक्षाकर्मियों के समक्ष यह दावा करते हुए हवाई अड्डे से बाहर चला गया कि वह विमान में सवार नहीं हो पाया। उसके पास वैध टिकट और बोर्डिंग पास होने की वजह से सुरक्षाकर्मियों को उस पर शक नहीं हुआ।''

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, उसने प्रचार के लिए ऐसा किया और कथित वीडियो में उसके दावे अतिशयोक्तिपूर्ण थे। अधिकारी ने कहा कि यह मामला सामने आने के बाद उन्होंने यूट्यूबर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शशिकला के खिलाफ खारिज किया मतदाता रिश्वत मामला

**बेंगलूरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ।

## बेंगलूरु में 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर किया गया हमला, चार गिरफ्तार

**बेंगलूरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में राम नवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। उसने बताया कि सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।

इस बीच बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक 'सेकेंड हैंड' दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे 'जय श्री राम' का नारा लगा रहे थे।

रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे 'जय श्री राम' के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल 'अल्लाहु अकबर' कहना चाहिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरमान ने उनसे झंडा छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पीड़ितों ने उनका पीछा किया लेकिन वे वहां से भाग गए। आरोपी समीर और फरमान दो नाबालिगों के साथ वापस आए और उन सभी ने पवन कुमार, राहुल और बिनायक के साथ मारपीट की।

IDBI BANK
CIN - L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400 005
चेन्नई ज़ोन के लिए आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर फर्निशिंग ठेकेदारों, विद्युत ठेकेदारों, साइनेज कन्वर्टर्स के पैनल के लिए पूर्व योग्यता
आईडीबीआई बैंक अपनी प्रस्तावित नई शाखाओं के लिए आंतरिक और बाहरी सिविल/आंतरिक फर्निशिंग कार्यों, विद्युत कार्यों, साइनेज कन्वर्टर्स के लिए आर्किटेक्ट्स, ठेकेदारों को एम्पैनल करने, तमिलनाडु, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह वाले चेन्नई जोन में मौजूदा शाखाओं के कार्यालयों के नवीनीकरण / स्थानांतरण का प्रस्ताव रखता है। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in पर जाएं।
ह/-
सीजीएम एंड जेडएच - चेन्नई जोन
19 अप्रैल, 2024

# पहले चरण में 12सीटों पर मतदान आज, तैयारियां पूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 12 सीट पर मतदान होगा और अधिकारियों के अनुसार इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन सीटों के लिए 2.54 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आखिरी प्रशिक्षण के बाद जिला मुख्यालयों से मतदान दल बृहस्पतिवार को अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार, पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों में सामान्य मतदाताओं की कुल संख्या 2,53,15,541 हैं, जिनमें 1,32,89,538 पुरुष, 1,20,25,699 महिला एवं 304 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनके साथ ही इन क्षेत्रों से 1,14,069 सर्विस वोटर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में 18-19 वर्ष उम्र के लगभग 7.99 लाख नव मतदाता पहली बार लोकसभा के लिए मतदान करने के पात्र होंगे। इन क्षेत्रों में कुल 2,51,250 दिव्यांग मतदाता हैं।

पहले चरण के मतदान से जिन प्रमुख नेताओं के चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएंगे उनमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व भूपेंद्र यादव शामिल हैं। मेघवाल लगातार चौथी बार बीकानेर से चुनावी समर में हैं तो यादव अलवर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और यह उनका पहला चुनाव है। राज्य की जिन 12 लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है उनमें से सीकर, चुरु एवं नागौर की सीट भी है जहां मुकाबला कड़ा माना जा रहा है।

कांग्रेस ने सीकर सीट गठबंधन सहयोगी माकपा के लिए छोड़ी है। इस सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद सुमेधानंद सरस्वती उम्मीदवार हैं तो माकपा की ओर से पूर्व विधायक अमराराम मैदान में हैं। सीकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का गृहनगर है। सीकर लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीट में से पांच कांग्रेस के पास हैं जबकि तीन पर भाजपा के विधायक हैं। अमराराम दांतारामगढ़ और धोद से विधायक रह चुके हैं। फलस्वरूप सीकर भाजपा के लिए कड़ी चुनौती वाली सीट बन गई है। इसी तरह चूरू लोकसभा सीट से कांग्रेस ने मौजूदा सांसद राहुल कस्वां को मैदान में उतारा है। भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद राहुल कस्वां को टिकट देने से इनकार कर दिया था। दो बार के सांसद कस्वां पैरालंपिक पदक विजेता भाजपा के देवेंद्र झाझड़िया के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चूरू पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का गृहनगर है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि राठौड़ के कारण ही राहुल कस्वां को टिकट नहीं मिला। राहुल कस्वां उन मौजूदा सांसदों में से हैं जो भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए।

राज्य की नागौर लोकसभा सीट पर जाट समाज के ही दो नेता आमने-सामने हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल भाजपा की ज्योति मिर्धा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। बेनीवाल का मुकाबला एक बार फिर ज्योति मिर्धा से होगा। ज्योति मिर्धा ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ा था और बेनीवाल से हार गई थीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बेनीवाल ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को समर्थन देने का फैसला किया है और ज्योति मिर्धा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। ज्योति मिर्धा 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार और अपने चाचा हरेंद्र मिर्धा से हार गई थीं। कांग्रेस ने अपना चुनाव अभियान मुख्य रूप से दो मुख्य मुद्दों- महंगाई एवं बेरोजगारी तथा अपने चुनाव घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' पर केंद्रित किया। पार्टी ने इस घोषणा पत्र में 30 लाख रिक्त सरकारी पद भरने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी का वादा किया है। भाजपा ने तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर कांग्रेस पर हमला बोला। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर भी प्रचार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाएं कीं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के चुनाव अभियान का नेतृत्व किया और कई रैलियां कीं।

उन्होंने दौसा में रोड शो भी किया। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित ने जयपुर और कांग्रेस की प्रियंका गांधी ने अलवर में रोड शो किया। इसी तरह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा के पक्ष में कई जगह सभाएं कीं। राजस्थान में कुल 25 लोकसभा सीट हैं। साल 2014 और 2019 के दो आम चुनाव में ये सभी सीट भाजपा ने जीतीं। गुप्ता ने कहा कि शुक्रवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। दूसरे चरण में 13 सीट-टोंक, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़ पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

## मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा, पुलिस के 75,000 जवान तैनात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 लोकसभा सीट पर मतदान कल शुक्रवार को होगा जिसके लिए सुरक्षा चाक चौबंद की गई है और पुलिस के 75000 जवान सहित अन्य सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने भय-मुक्त वातावरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

पहले चरण वाले सभी 12 निर्वाचन क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस के जाप्ते साथ ही केन्द्रीय सशस्त्र सशस्त्र बलों की कंपनियां और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले व दूसरे चरण के लिए राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों (प्रथम चरण करीब 75,000 एवं द्वितीय चरण में करीब 85,000) के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कंपनियां, राजस्थान शहरी-ग्रामीण होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बॉर्डर होमगार्ड के 1600 जवान तैनात किए गए हैं।

साहू ने बताया कि पहले चरण में जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, बीकानेर, गंगानगर, चूरू, नागौर, अलवर, झुंझुनू, सीकर, दौसा, भरतपुर और करौली-धौलपुर सीट के लिए चुनाव होना है।

इन निर्वाचन क्षेत्रों में 14 पुलिस जिलों के तहत 23 हजार 651 मतदान केन्द्र और 719 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात राज्य से लगने वाली राजस्थान की सीमाओं को सील करके 225 चेक पोस्ट स्थापित की गई हैं। इन सभी चेक पोस्ट पर पांच पुलिसकर्मी एवं पांच होमगार्ड हमेशा तैनात रहते हैं और सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी के जरिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है।



## वैभव वचन-पत्र में किए गए वादों को जरूर पूरा करेगा : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालोर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को संबोधित किया। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित इन सभाओं में भारी संख्या में आमजन अशोक गहलोत को सुनने उमड़ा। इन सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव ने अपना मैनिफेस्टो जारी कर दिया है, जिसमें जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रोडमैप बनाया गया है। इस वचन पत्र के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने आमजन को यकीन दिलाया कि वैभव ने जालोर क्षेत्र के विकास के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें वह जरूर पूरा करेगा। आपके सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि वे 26 अप्रैल को कांग्रेस के वैभव गहलोत को अपना आशीर्वाद दें और ईवीएम मशीन पर 2 नंबर का बटन दबाकर वोट जरूर देवें।

अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बुनियादी विकास, खेती, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में काम किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 2000 यूनिट और घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली दी गई, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। गौशालाओं को अनुदान दिया गया, महिलाओं, बुजुर्गों को पेंशन दी गई। किसानों का कर्जा भी माफ किया। अलग से कृषि बजट पेश किया। जालोर को मेडिकल कॉलेज दिया। नर्मदा के पानी को लाने का प्रयास किया।

कांग्रेस ने कभी भी आमजन को परेशान नहीं होने दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने साढ़े तीन महीनों में ही कांग्रेस की चिरंजीवी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, ओल्ड पेंशन स्कीम सहित विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिया। राजीव गांधी युवा मित्रों को नौकरी से निकाल दिया। अब जनता भाजपा के इस झूठ को समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

इस अवसर पर गहलोत ने आमजन से पूछा कि पिछले 15 साल से भाजपा सांसद रहे देवजी पटेल कभी गांवों में नजर आए, कभी किसी को दिखे। इस पर उपस्थित जनता ने कहा कि नहीं वह गांव में कभी नहीं आए। इस पर चुटकी लेते हुए गहलोत बोले, आप लोगों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई कि सांसद जी गांव में नहीं दिखे, कहीं गुम गए हैं।

सियाणा और भाद्राजून में आयोजित जनसभाओं में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हेम सिंह शेखावत सहित सरोज चौधरी, करणवीर सिंह, लाल सिंह धानपुर, सवाराम पटेल, उम सिंह चांदराई, प्रदीप सिंह चौहान, पद्माराम सरगरा, गरबाराम मीणा, छोगाराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, ओम सिंह परिहार आदि कांग्रेसजन शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 19 अप्रैल शुक्रवार को पिण्डवाड़ा-आबू एवं सिरोही क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वैभव गहलोत के समर्थन में यह जनसभाएं सुबह आबू रोड, दोपहर पिण्डवाड़ा और शाम को जावाल में आयोजित की जाएंगी।

## अवैध जल दोहन रोकने को उच्च स्तरीय कमेटी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित एक कारखाने के लिए बड़े पैमाने पर जल दोहन करने की शिकायतें मिलने के बाद जिला कलेक्टर ने उच्च अधिकारियों की एक कमेटी गठित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार चित्तौड़गढ़ एवं बस्सी तहसील में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से नलकूप खोदकर हिंदुस्तान जिंक में पानी सप्लाई करने की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने उपखंड अधिकारी बीनू देवल की अध्यक्षता में 11 अधिकारियों की कमेटी गठित कर इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। कमेटी में देवल के अलावा जिला परिवहन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग व जल संसाधन विभाग, वरिष्ठ भू जल वैज्ञानिक, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रिय अधिकारी,खनि अभियंता, तहसीलदार चित्तौड़गढ़ व बस्सी के साथ पुलिस उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ शहर व ग्रामीण को शामिल किया गया है। कंपनी के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पानी की आवश्यकता के लिए हाल ही निविदा जारी की थी जो करीब 45 करोड़ की है जो किसी झालावाड़ की फर्म के नाम पर स्वीकृत की गई। बताया गया है कि निविदा में उल्लेखित शर्तों के अनुसार फर्म को चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में घाघसा, चैथपुरा व बनस्टी, भदेसर क्षेत्र में खोड़ीप, सोमादी, व आवरीमाता में बंद पड़ी खदानों में भरे पानी को टेंकरों के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक कारखाने तक लाना था लेकिन फर्म ने यहां स्थित कुछ राजनेताओं को यह काम दे दिया जिन्होंने इन खदानों की बजाय बड़े पैमाने पर डार्क जोन घोषित जिंक कारखाने के आसपास चित्तौउगढ़ व बस्सी तहसील क्षेत्र स्थित निजि खातेदारी की जमीनों पर अवैध रूप से बिना अनुमति के नलकूप खुदवाकर वहां से पानी परिवहन करना शुरू कर दिया जिसकी ग्रामीणों व शहर के कई लोगों ने जिला कलेक्टर को शिकायतें दी थी।

प्रचार



कोटा के सांगोद विधान सभा क्षेत्र के राजगढ़, अड़ूसा, मण्डिता और पालकिया गांव में चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला।




## जयपुर वैक्स म्यूजियम में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की मूर्ति का अनावरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 'जयपुर वैक्स म्यूजियम' में बृहस्पतिवार को विश्व विरासत दिवस पर क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की मूर्ति का अनावरण किया गया। जयपुर वैक्स म्यूजियम के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से विराट कोहली की मूर्ति बनाने की मांग की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व विरासत दिवस पर किया गया। जयपुर के नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी सहित 44 मोम की मूर्तियां हैं। कोहली की 35 किलोग्राम वजनी इस मूर्ति को लगभग दो महीने की अवधि में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की मूर्तियां भी हैं।

## राजस्थान में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्चियां बांटी गईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 12 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा और यहां 99 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्चियां बांटी जा चुकी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए 'आओ बूथ चलें अभियान' के तहत पहले चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों में मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) एवं मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण सात अप्रैल से किया जा रहा है।

अभियान के तहत अब तक लगभग 99 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्चियां एवं मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी हैं। गुप्ता ने बताया कि 'आओ बूथ चलें अभियान' के दौरान मतदान केंद्रों पर तथा मतदाताओं के घर-घर जाकर भी मतदाता पर्चियों और मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। 14 अप्रैल को राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया गया।

राज्य में दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

इन सीट पर 21 अप्रैल को 'आओ बूथ चलें अभियान' आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा सीट पर मतदान होगा।

## राजस्थान बीएसएफ ने ड्रोन को मार गिराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार देर रात अनूपगढ़ में एक ड्रोन को मार गिराया तथा नशीले पदार्थों की खेप जब्त की। इससे एक सप्ताह पहले भी सीमा पर मादक पदार्थ लेकर आए एक ड्रोन को गिरा दिया गया था। बीएसएफ और पुलिस ने 2.6 किलोग्राम हेरोइन से भरे तीन पैकेट जब्त किए, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 13 करोड़ रुपये है। रावला थाना प्रभारी बलवंत सिंह ने कहा, हमने रावला थाना अंतर्गत नेमीचंद चौकी के पास तीन पैकेटों से 2.6 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। यह स्थान भारतीय सीमा के 1,600 मीटर अंदर पड़ता है, जहां बीएसएफ जवानों ने एक ड्रोन को मार गिराया।

बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कंपनी कमांडर अखिलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त कर रहे बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनी। अधिकारी ने कहा, जवानों ने ड्रोन की दिशा में गोली चलाई जिससे वह गिर गया। ड्रोन के गिरने के बाद रावला पुलिस टीम और सीआईडी ङ्कङ्कअधिकारियों के साथ बीएसएफ के अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे तथा संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान रात करीब डेढ़ बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नेमीकंद चौकी से भारत की ओर करीब 1600 मीटर अंदर गांव 23 केडी के पास एक क्षतिग्रस्त ड्रोन और एक पैकेट मिला। उन्होंने कहा कि जब पैकेट खोला गया तो अंदर तीन पैकेट और मिले जिनमें कुल 2.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ अधिकारियों ने इस बारे में तुरंत स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की जोधपुर इकाई को सूचित किया और इलाके में तलाशी अभियान चलाया।

## जयपुर में विश्व धरोहर दिवस पर 'हेरिटेज वॉक' आयोजित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित 'हेरिटेज वॉक' में पर्यटक गाइड, टूर ऑपरेटर, बुद्धिजीवियों सहित लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। इन लोगों ने जयपुर के न्यू गेट के पास हेरिटेज पथ से राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स तक दो किलोमीटर का 'हेरिटेज वॉक' किया। हेरिटेज वॉक के समन्वयक संजय कौशिक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जयपुर के पर्यटन को बढ़ावा देना था। वॉक के दौरान एकत्र की गई प्रतिक्रिया को सरकारी अधिकारियों के साथ साझा किया जाएगा ताकि सफाई और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके। वॉक में लेखक अमित शर्मा, उद्यमी संजय छाबड़ा, नवीन त्रिपाठी, नितिन माथुर, अमन सोनी, संदीप सिंघल, अविजीत चतुर्वेदी, रीना चतुर्वेदी, अश्विनी पारीक और अन्य लोगों ने भाग लिया।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला और उसके दो बच्चों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कलिंजरा थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके दो बच्चों की संदिग्ध रूप से जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इन तीनों को तबीयत खराब होने पर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नागावाडा गांव में काजल (36) उसकी बेटी तमन्ना (12), बेटे हार्दिक (7) की कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई।

तबीयत बिगड़ने पर तीनों को उपचार के लिये अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां तीनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। अहमदाबाद से पीहर पक्ष वालों के यहां पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि महिला का पति विदेश में मजदूरी करता है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



## मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका : जेपी नड्डा

**कोकराझार/रौता (असम)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को ''अलग-थलग'' रखने का आरोप लगाया और दावा किया कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका।

नड्डा ने यह आरोप भी लगाया कि विपक्षी दलों को जनता के कल्याण की चिंता नहीं है और वे खुद को अनेक घोटालों में आरोपित होने से बचाने में लगे हैं। नड्डा ने बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार जयंत बासुमतारी के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राजग सरकार द्वारा किए गए शांति समझौते के कारण क्षेत्र में शांति लौटी है।

राज्य में भाजपा नीत गठबंधन में सहयोगी 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल' (यूपीपीएल) ने बासुमतारी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर सात मई को मतदान होगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखने की थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। भाजपा नेता ने कहा, दस वर्ष पहले जब आप दिल्ली आते थे तो लोग पूछते थे कि आप किस देश से आए हो लेकिन अब एकीकरण पूरा हुआ। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ हुए शांति समझौतों का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में उग्रवादियों के हमलों और नागरिकों की मौत के मामलों में भारी कमी आई है।

## भाजपा को कम सीट मिलने की बात कहने पर नारायण राणे ने राउत और उद्धव को 'पागल' कहा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 200 से कम सीटें मिलने का दावा करने वाले शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के नेताओं उद्धव ठाकरे और संजय राउत को 'पागल' बताया। राणे ने यह भी कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र 'धोखे' से ज्यादा कुछ नहीं है क्योंकि पार्टी ने अपने लंबे शासनकाल के दौरान कभी अपने वादे पूरे नहीं किए। राणे ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, संजय राउत और उद्धव ठाकरे 'पागल' हो गए हैं तभी इस तरह के दावे कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि भाजपा लोकसभा चुनाव में 200 सीटें बमुश्किल जीतेगी। भाजपा ने पिछले चुनावों में 300 सीटें जीतीं थीं और इस बार 400 के आंकड़े को पार करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस का घोषणापत्र सिर्फ धोखा है। कांग्रेस करीब 65 वर्ष तक सत्ता में रही और घोषणापत्र में उल्लेखित किसी भी योजना को लागू नहीं किया। 2019 चुनावों में पार्टी 50 सीट भी नहीं जीत पाई थी। भाजपा ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र की रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से राणे को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की।

## ग्रेटर नोएडा में 100 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त, चार नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नोएडा/भाषा।** ग्रेटर नोएडा में किराए के एक मकान से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ 'मेथिलीन डाइऑक्सीफेनथाइलामाइन' (एमडीएमए) बरामद किए जाने के बाद चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए एमडीएमए की कीमत काला बाजार में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इसे एक्टेसी या मॉली के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया, ग्रेटर नोएडा में किराए के एक मकाने में अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से एमडीएमए का उत्पादन करते हुए पकड़े जाने के बाद बुधवार रात को चार नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। ग्रेटर नोएडा में 2023 से इस तरह का यह तीसरा मामला है, जब विदेशी नागरिकों को उनके किराए के मकानों में मादक पदार्थों का उत्पादन करते हुए पकड़ा गया है।

# उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संभल (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को मतदाताओं से कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव, पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने और देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 400 से अधिक सीट जिताना जरूरी है।

उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए दावा किया कि सपा, बसपा और कांग्रेस राज्य में खाता भी नहीं खोल पाएंगी।

उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के नामांकन के



बाद बहजोई में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव, पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने और समान नागरिक संहिता के लिए 400 से अधिक वोट पाने की बात करती है।

उन्होंने कहा, अब कोई भी बसपा का टिकट नहीं खरीदता। मैं सपा को गाली से जवाब नहीं देता। राज्य की जनता अपने वोट से जवाब देगी। देश में संविधान के खतरे में होने के विपक्षी नेताओं के आरोप पर मौर्य ने कहा कि वे डरे हुए हैं, क्योंकि वे भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा और कांग्रेस, दोनों ही ऐसी पार्टियां हैं जो सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में हैं और उन्हें ऑक्सीजन की जरूरत है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, 2024 में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। संभल में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 मई को मतदान होगा।

## 'अंतरिक्ष में अग्रणी' बनने के लिए भारत के पास इच्छाशक्ति व साधन मौजूद : नौसेनाध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों और प्रौद्योगिकी से इनकार के बावजूद, भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत के पास अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए इच्छाशक्ति, बुद्धिमत्ता और साधन मौजूद हैं।

एडमिरल कुमार यहां तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह महसूस करना कोई ''रॉकेट साइंस'' नहीं है कि अमृत काल में भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस संगोष्ठी का आयोजन 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक यहां मानेकशॉ सेंटर में हो रहा है जिसमें क्षेत्र के विशेषज्ञ और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष संपत्ति की संकल्पना, निर्माण, शुरुआत और रखरखाव की क्षमता के साथ, हमारे देश ने दुनिया को दिखाया है कि भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने वाले कुछ देशों में से एक के रूप में भारत ने अपनी पहचान बनाई है और इसका अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से 21वीं सदी के सबसे गतिशील और परिभाषित प्रयासों के रूप में विकसित हो रहा है जिससे निवेश और विकास के अधिक अवसर पैदा होते हैं। आज भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र और वैज्ञानिक नए भारत की आत्मा और भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## भाजपा ने 'इंडिया' गठबंधन पर डराने-धमकाने की राजनीति का आरोप लगाया



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वत: संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी। पूनावाला ने कहा, झामुमो और 'इंडिया' गठबंधन के नेता नजरुल इस्लाम ने देश की जनता द्वारा निर्वाचित प्रधानमंत्री को मारने और दफनाने की धमकी देकर देश की जनशक्ति का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो नेता के बयान 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन की सोच को दिखाते हैं। भाजपा नेता ने कहा, निर्वाचन आयोग को नजरुल इस्लाम के बयानों पर स्वत: संज्ञान लेना चाहिए और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पूनावाला ने कहा, दुर्व्यवहार, अपमान और डराने-धमकाने की यह राजनीति कोई संयोग नहीं बल्कि (विपक्ष की) सोची-समझी साजिश है।



# मैं खुद को भगवान कृष्ण की 'गोपी' मानती हूं : हेमा मालिनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा/भाषा।** मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के तौर पर तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रही अभिनेत्री एवं नेता हेमा मालिनी ने बुधवार को कहा कि वह खुद को भगवान कृष्ण की 'गोपी' मानती हैं।

मथुरा की सांसद ने संवाददाताओं से कहा, मैं राजनीति में नाम और प्रसिद्धि या किसी तरह का फायदा उठाने के लिए नहीं आई हूं। हेमा मालिनी ने खुद को कृष्ण की गोपी बताया और कहा कि चूंकि भगवान कृष्ण बृजवासियों से प्यार करते हैं, इसलिए उन्होंने सोचा कि अगर वह ईमानदारी से उनकी सेवा करेंगी तो ही वह उन पर अपना आशीर्वाद बरसाएंगे। उन्होंने कहा, मैं इसी भाव से बृजवासियों की सेवा कर रही हूं। उन्होंने मथुरा से तीसरी बार बृजवासियों की सेवा करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बदहाल स्थिति में पड़े 'ब्रज 84 कोस परिक्रमा' मार्ग का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। हेमा मालिनी ने कहा, ब्रज 84 कोस परिक्रमा को पर्यटकों के लिए सुखदायक और आकर्षक बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने काफी उदारता दिखाते हुए उनके अनुरोध पर विचार किया और उन्होंने ब्रज 84 कोस परिक्रमा के नवीनीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपए मंजूर किए। उन्होंने कहा चूंकि इसके लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) 11,000 करोड़ रुपए की तैयार की गई है, मैं आदर्श बुनियादी ढांचे के लिए शेष राशि स्वीकृत करवाऊंगी ताकि तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक यहां आकर मंत्रमुग्ध हो जाएं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। उन्होंने बताया कि उनकी दूसरी प्राथमिकता यमुना नदी की सफाई की दिशा में काम करना होगी।



## 'राष्ट्र-विरोधी' या 'टुकड़े-टुकड़े' गिरोह का हिस्सा कभी नहीं था जेएनयू : कुलपति

**नई दिल्ली/भाषा।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि जेएनयू कभी भी ''राष्ट्र-विरोधी'' या ''टुकड़े-टुकड़े'' गिरोह का हिस्सा नहीं था। उन्होंने कहा कि जेएनयू हमेशा असहमति, बहस और लोकतंत्र को बढ़ावा देता रहेगा।

पीटीआई मुख्यालय में एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में जेएनयू की पहली महिला कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने कहा कि जेएनयू का ''भगवाकरण नहीं हुआ है'' और इसके दिन-प्रतिदिन के कामकाज में केंद्र सरकार का कोई दबाव नहीं है।

जेएनयू की छात्रा रहीं पंडित ने स्वीकार किया कि जब उन्होंने कुलपति का कार्यभार संभाला तो परिसर में ध्रुवीकरण हो गया था और उन्होंने इस दौर को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' बताया। कुलपति ने दावा किया कि दोनों पक्षों (छात्रों और प्रशासन) से गलतियां हुईं और नेतृत्व ने हालात को संभालने में गलती की।



## राहुल गांधी में अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है : सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पत्तनमथिट्टा (केरल)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार के बाद उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं।

उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कटाक्ष किया, मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं ''लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्ष में 'लॉन्च' नहीं हो पाए। उन्होंने वायनाड से कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी की सराहना की और उन्हें एक ऐसा अनुशासित तथा सिद्धांतवादी व्यक्ति बताया जिनकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। सिंह ने कहा कि वह एंटनी के इस बयान पर हैरान रह गए कि अनिल एंटनी चुनाव हार जाएं।

## भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कन्नूर (केरल)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। कन्नूर में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के आधुनिक इतिहास में संभवत: पहला ऐसा चुनाव होगा जो कि ''भारत के संविधान और हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में होगा।

राहुल ने कहा, भाजपा आज भारत में जो करने का प्रयास कर रही है, उसकी कोशिश किसी राजनीतिक दल ने नहीं की। संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है। यह हमारे लोगों को समान अधिकार और समान अवसर देता है। हमारा संविधान देश में विभिन्न संस्थानों द्वारा संरक्षित है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर, भाजपा हमारे देश की मूल प्रकृति को बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है।

## भाजपा ने बंगाल में रामनवमी पर हिंसा भड़कायी : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायगंज (प.बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान हिंसा भड़कायी। उन्होंने दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा ''पूर्व नियोजित'' थी और उन्होंने भाजपा पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे अंजाम देने का आरोप लगाया।

पुलिस ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में बुधवार शाम को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। ममता ने रायगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली में कहा, सब कुछ पूर्व नियोजित था। रामनवमी से एक दिन पहले मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को हटा दिया गया ताकि आप (भाजपा) हिंसा कर सकें।

मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा से जुड़े गुंडों ने जिले में पुलिस कर्मियों से मारपीट की। इस बीच, भाजपा ने आरोप लगाया कि जिले के रेजीनगर इलाके में रामनवमी के मौके पर निकाली शोभायात्रा में पथराव किया गया था।

# आईपीएल के इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से भारतीय हरफनमौलाओं के विकास पर लगेगी रोक : रोहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल के 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम के प्रशंसक नहीं है और उनका मानना है कि इससे वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे जैसे क्रिकेटर गेंदबाजी में अपना कौशल नहीं दिखा पा रहे और देश में हरफनमौलाओं का विकास बाधित हो गया है।

इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम 2023 सत्र से लागू किया गया जिसमें सभी टीमें एक खिलाड़ी (बल्लेबाज या गेंदबाज) की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी को उतार सकते हैं। रोहित ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के यूट्यूब शो ' क्लब प्रेयरी फायर' पर कहा, मेरा मानना है कि इससे भारतीय हरफनमौलाओं का विकास बाधित होगा। उन्होंने कहा, क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेला जाता है, 12 के साथ नहीं। मैं इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम का मुरीद नहीं है। थोड़े से मनोरंजन के लिए क्रिकेट से बहुत कुछ छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं कई उदाहरण दे सकता हूं। वॉशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। भारतीय टीम के लिए यह अच्छा नहीं है। पता नहीं इसके बारे में क्या कर सकते हैं



लेकिन मैं इसका प्रशंसक नहीं हूं। रोहित ने कहा, यह मनोरंजक है क्योंकि 12 खिलाड़ी मैदान पर उतर सकते हैं। आप अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को उतार सकते हैं। जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम को लेकर लग रही अटकलों के बीच रोहित ने कहा कि उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर से मुलाकात नहीं की है।

## रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट पर कहा: शानदार मुकाबला होगा, ऐसा क्यों ना हो?

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ तटस्थ स्थल पर टेस्ट क्रिकेट खेलने में कोई समस्या नहीं है क्योंकि यह चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के 'बेजोड़ गेंदबाजी आक्रमण' के खिलाफ 'शानदार मुकाबला' होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान के यूट्यूब शो 'क्लब प्रेयरी फायर' में कहा, मेरा पूरा तरह से मानना है कि अगर हम विदेशों में खेलते हैं तो वे एक अच्छी टीम, शानदार गेंदबाजी आक्रमण है और अच्छी प्रतिस्पर्धा होगी। यह पूछने पर कि क्या इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया जैसे तटस्थ स्थल पर भारत-पाक टेस्ट संभव है, हां, मुझे (पाकिस्तान के खिलाफ खेलना) अच्छा लगेगा, यह दोनों टीम के बीच एक शानदार मुकाबला होगा। हम आईसीसी ट्रॉफियों में उनके खिलाफ खेलते हैं, मैं सिर्फ क्रिकेट देख रहा हूं, शानदार प्रतियोगिता, तो क्यों नहीं?''

## चिराग की मां के खिलाफ अभद्र भाषा को लेकर राजग नेताओं ने तेजस्वी पर हमला बोला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर बृहस्पतिवार को तीखा हमला बोला। इस वीडियो में एक चुनावी रैली के दौरान लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान की मां के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने



जमुई में अपनी उक्त चुनावी रैली के बारे में बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उन्हें ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं थी और अगर मामला सामने आता है तो निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे कैसे पता चलेगा कि भीड़ में से कुछ लोग मेरी रैली में क्या बोल रहे हैं...अगर मुझे इसके बारे में पता होता तो मैं निश्चित रूप से उन्हें रोक देता। चुनावी रैलियों में इस तरह के व्यवहार की कौन अनुमति देगा। यादव ने यह भी कहा कि उन्हें भी विपक्षी नेताओं की कई सभाओं में गालियां दी गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित वीडियो के अनुसार, जमुई में यादव द्वारा संबोधित एक रैली में भीड़ को पासवान की मां के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते देखा गया। कथित वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद पासवान ने घटना की निंदा की। पासवान ने कहा, मैं अगर तेजस्वी जी की जगह होता और कोई उनके परिवार को ऐसी गाली देता, तो मैं उसी वक्त मुंहतोड़ जवाब देता, राजनीति अपनी जगह है, मेरे लिए आदरणीय राबड़ी देवी जी भी मेरी मां हैं और मैं उनमें और अपनी मां में कतई फर्क नहीं करूंगा।

## सुविचार

**दिलों में रहना सीखो, गुरूर में तो हर कोई रहता है, गुरूर में इंसान को इंसान नहीं दिखता, जैसे छत पर चढ़ जाओ तो, अपना मकान नहीं दिखता।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इतना विरोध क्यों?

इन दिनों धड़ाधड़ जारी हो रहे राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों में और कुछ मिले या न मिले, संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का जिक्र खूब मिल रहा है। नेतागण अपनी जनसभाओं में भी इस मुद्दे को उठा रहे हैं। हालांकि सीएए एक ऐसा विषय होना चाहिए था, जिसके संबंध में राष्ट्रीय व क्षेत्रीय, सभी दलों के बीच सहमति हो। यह कानून किसी को विशेषाधिकार नहीं देता, बस अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए उन अल्पसंख्यकों को थोड़ी-सी राहत देता है, जिन्होंने 'अपने देशों' में धार्मिक पहचान के कारण उत्पीड़न झेला है। क्या ही अच्छा होता, अगर सभी राजनीतिक दल इन लोगों के मामले में संवेदनशीलता दिखाते और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इनके साथ मजबूती से खड़े होते! दुर्भाग्य की बात है कि आज जब सीएए के बारे में पूरी जानकारी सार्वजनिक हो चुकी है, किसी तरह की कोई अस्पष्टता बाकी नहीं रही, तब भी कुछ राजनीतिक दल अपने चुनाव घोषणा-पत्रों में यह वादा कर रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो इसे रद्द कर देंगे। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए उन पीड़ित व प्रताड़ित 'अल्पसंख्यकों' से इतनी चिढ़ क्यों है? जो दल इतनी दृढ़ता और ऊर्जा से इन लोगों के आने का इतना विरोध कर रहे हैं, क्या उन्होंने कभी बांग्लादेश और म्यांमार से आए घुसपैठियों के प्रति यह रवैया अपनाया? सीएए का महत्त्व पूरी तरह वही समझ सकता है, जिसने अफगानिस्तान, पाकिस्तान या बांग्लादेश में रहकर भेदभाव झेला हो। इन देशों में अल्पसंख्यकों के साथ कितना अमानवीय व्यवहार किया जाता है, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। निस्संदेह भारत के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता भलीभांति जानते हैं कि उक्त तीनों देशों से कोई अल्पसंख्यक अपना सबकुछ वहां छोड़कर भारत आता है और यहां किसी झुग्गी या तिरपाल के नीचे ज़िंदगी बिताता है तो इसके पीछे जरूर कोई बड़ी वजह होगी। आखिर, कोई व्यक्ति अपना घर-द्वार छोड़कर यहां क्यों आना चाहेगा, जबकि न तो कोई पुख्ता ठौर-ठिकाना हो, न रोजगार सुनिश्चित हो और वर्षों तक नागरिकता भी न मिले?


प्राय: यह 'तर्क' भी दिया जाता है कि उक्त तीनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं खस्ताहाल हैं, इसलिए उनके अल्पसंख्यक बेहतर भविष्य की तलाश में भारत आना चाहते हैं। अगर सच में ऐसा है तो इन देशों से वे लोग भी भारत क्यों आ रहे हैं, जो वहां काफी समृद्ध थे? खासकर पाकिस्तान से आए डॉक्टर, चिकित्साकर्मी, शिक्षक, व्यापारी समेत ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें वहां कोई आर्थिक अभाव नहीं था। वे मकान-दुकान-जायदाद के मालिक थे, लेकिन सबकुछ वहीं छोड़कर आज भारत में नागरिकता मांग रहे हैं। उन्हें क्यों इसकी जरूरत पड़ी? निश्चित रूप से वे पर्यटन के इरादे से भारत नहीं आए हैं। कोई तो बड़ी वजह होगी! वह वजह है- अपनी और अपनों की जान की सलामती, भेदभाव से मुक्ति पाने की चाहत, बहन-बेटियों की सुरक्षा, अपने धर्म के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता। सीएए इन लोगों को नागरिकता देकर उस तकलीफ को थोड़ा कम कर देता है, जो पिछली व्यवस्था में उठानी पड़ती थी। हालांकि नागरिकता मिलने के बाद भी इनका संघर्ष कम नहीं होगा, क्योंकि रोजी-रोटी और ज़िंदगी के कई मसले अपनी जगह मौजूद रहेंगे। नेतागण चाहते तो इस बात को बहुत आसानी से समझा सकते थे, लेकिन वोटबैंक की राजनीति ऐसा करने में अवरोध पैदा करती है। एक वरिष्ठ नेत्री अपनी रैलियों में वादा करती हैं कि हम सभी 'भेदभावपूर्ण' कानूनों को रद्द कर देंगे। बेहतर होता, अगर वे यह भी कहतीं कि हम अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के उन अल्पसंख्यकों के लिए भी आवाज उठाएंगे, जिनके साथ उनकी धार्मिक पहचान के कारण भेदभाव किया गया। इससे उनका सियासी कद और बढ़ जाता। पीड़ितों व प्रताड़ितों को राहत देने की बात आए तो सभी दलों को एकजुटता दिखानी चाहिए। बेशक इससे उन लोगों की तकलीफें कम तो नहीं होतीं, लेकिन उन्हें अपने हिस्से के संघर्ष के लिए ताकत जरूर मिलती है।

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस का लक्ष्य जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में आदिवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। आदिवासी समाज को समर्पित हमारे यह 6 संकल्प संसाधनों की लूट को रोक कर आदिवासियों के अधिकारों का कवच बनेंगे।

**-राहुल गांधी**



जिस पार्टी ने प्रभु श्रीराम को नहीं माना, उसके प्रत्याशी से क्या उम्मीद की वो तुष्टिकरण नहीं करेगा। चाहे कुछ हो जाये, कांग्रेस तुष्टिकरण नहीं छोड़ेगी। कानासर फलौदी की सभा में श्रीराम भक्तों के अपार जनसमूह ने मोदी जी को समर्थन का ऐलान किया।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



पहली बार वोट करने जा रहे मेरे युवा साथियो, आप भारत के नव निर्माता है। आपका पहला वोट देश का भविष्य तय करेगा। इसलिए मतदान अवश्य करें और विकसित तथा सशक्त राष्ट्र के लिए कमल के निशान का बटन दबाए, भाजपा को जिताएं।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# कर्तव्य से बढ़कर

एक दिन घनश्यामदास बिड़ला अपने घर से अपने कार्यालय जा रहे थे। जहां उन्हें एक महत्वपूर्ण व्यक्ति से मिलना था उन्हें देर हो चुकी थी। इसलिए उनका ड्राइवर गाड़ी तेज चला रहा था। गाड़ी जब एक तालाब के पास से गुजर रही थी, तो वहां बहुत भीड़ इकट्ठी थी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाकर वहां खड़े एक आदमी से पूछा क्यों भाई क्या बात है इतने लोग क्यों इकट्ठा हैं। उस आदमी ने बताया कि तालाब में एक बच्चा डूब गया है। घनश्यामदास बिड़ला गाड़ी से नीचे उतरे तो देखा कि सब बाहर खड़े होकर बचाओ-बचाओ तो चिल्ला रहे हैं। लेकिन कोई भी उस बच्चे को बचाने के लिए तालाब में नहीं कूद रहा है। यह देखकर घनश्यामदास बिड़ला जूते पहने ही तालाब में कूद गये, तैरकर बालक को पकड़ा और खींच कर उसे बाहर निकाल कर लाये। उसे अस्पताल ले कर गये जब डॉक्टर ने बच्चे की जांच कर बताया कि अब बच्चे की जान को कोई खतरा नहीं है, तब वे अपने कार्यालय गये। उनके भीगे कपड़े देखकर जब उनके कर्मचारियों ने पूछा तो घनश्यामदास बिड़ला ने तो कुछ नहीं बताया पर उनके ड्राइवर ने सब कुछ बता दिया।

## सामयिक

# क्यों चाहते हैं मोदी 400 पार?

**आचार्य विष्णु हरि सरस्वती**
**मोबाइल : 9315206123**

चुनाव के दौरान विपक्ष ने बड़ा ही गंभीर और विचारणीय प्रश्न खड़ा किया है कि नरेन्द्र मोदी को चार सौ सीटें क्यों चाहिए? इसका जवाब नरेन्द्र मोदी की जगह विपक्ष ने ही दे दिया। यह कहिए कि प्रश्न भी विपक्ष का उत्तर भी विपक्ष का। ऐसा बहुत ही कम होता है कि प्रश्न और उत्तर भी एक ही पक्ष दे देता है। विपक्ष का उत्तर क्या है? विपक्ष का केहना है कि मोदी को चार सौ सीटें इसलिए चाहिए कि वे संविधान को बदल सकें। संविधान को लेकर विपक्ष की चिंता कोई नयी नहीं है। विपक्ष के लिए संविधान तो एक बहुत ही बडा और घातक चुनावी हथियार है जिसके सहारे विपक्ष मोदी का संहार और शिकार करना चाहता है। विपक्ष का अभियान भी यही है कि संविधान खतरे में है, नरेन्द्र मोदी अगर तीसरे बार भी जीत गये और उन्हें पास चार सौ सीटें मिल गयी तो फिर संविधान का नामोनिशान मिट जायेगा और संविधान के संहार-विनाश का अर्थ देश में तानाशाही का शासन। नरेन्द्र मोदी अपने हाव-भाव से तानाशाही छाप छोड़ते हैं, ऐसा मानना देश के तथाकथित सेक्युलर जमातों, मुस्लिम जमातों और कम्युनिस्ट जमातों का है। कांग्रेस के हाथ आपातकाल के खून से रंगे होते हैं, कम्युनिस्ट खुद लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं, इनकी तानाशाही चलती है, इनके आदर्श माओत्से तुंग और स्टालिन जैसे तानाशाह हैं, जबकि मुस्लिम दुनिया में मजहबी तानाशाही चलती है। ऐसे में ऐसी जमातों की परिधि में कैद विपक्ष का यह हथियार कितना घातक होगा?

नरेन्द्र मोदी ने इस बार चार सौ पार का नारा दिया है। 2019 में तीन सौ पार का नारा दिया था, सुखद बात यह थी कि नरेन्द्र मोदी ने तीन सौ पार के नारे को सच साबित कर दिया था और लोकसभा चुनावों में लगातार दूसरी बार विजय श्री प्राप्त की थी। दस सालों के शासन को नरेन्द्र मोदी जनता के लिए सुलभ और शानदार मानते हैं, और इसी विसात पर तीसरी बार सत्ता प्राप्त करने के आकांक्षी भी है। मोदी को चार सौ सीटें मिलेगी कि नहीं, इस पर अभी विचार करना मुश्किल है, जनता का जब त्रिनेत्र खुलता है तो फिर किसी को अर्श से फर्श पर बैठा देती है तो फिर फर्श से अर्श पर भी बैठा देती है। चार सौ से पार सीटें संविधान समाप्त करने की जगह विपक्ष की अनावश्यक रोडा, अफवाह,



साजिशें को समाप्त करने, विकास और उन्नति के मार्ग को स्थायी रखने और देशद्रोहियो के दमन के लिए भी तो चाहिए। ऐसे राजनीति में सर्वश्रेष्ठ जीत की उम्मीद करना और उस पर काम करना गैर जरूरी कहां है?

सच तो यह है कि कोई भी संविधान न तो अटल होता है और न अपरिवर्तित होता है, संविधान आवश्यकता और समय के साथ परिवर्तित होता है। आधुनिक समय में इस कार्य को संविधान संशोधन का नाम दिया गया है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का हर सविधान स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के आधार पर बदलता है,संशोधित होता है, गैर जरूरी और नुकसानदायक हिस्से निकाल बाहर किये जाते हैं और अति आवश्यक मूल्यों को जोड़ा जाता है। भारत का संविधान भी संशोधन की परमपरा से गतिमान होता है। अब तक 130 से अधिक संशोधन हो चुके हैं, कहने का अर्थ है कि भारतीय संविधान को 130 बार से अधिक बदला गया है। इंदिरा गांधी ने तो संविधान की मूल भावना को बदल दिया था, समाजवाद शब्द और धर्मनिरपेक्षता के अतिरिक्त सिद्धांत को जोड दिया , इंदिरा गांधी की इस करतूत पर विवाद हमेशा जारी रहता है। इंदिरा गांधी द्वारा संविधान की मूल भावना के साथ की गयी छेड़छाड को सुधारने की बात भी उठती है। आजाद भारत में इंदिरा गांधी पहली तानाशाह थी, उसने भारत पर तानाशाही लादी थी, उसने देश पर इमरजेंसी लागू की थी और मौलिक अधिकारों पर कैंची चलायी थी, लाखों लोगों को पकड़ कर जेलों में डाल दिया गया था।

इंदिरा गांधी की तुलना में नरेन्द्र मोदी की तानाशाही प्रबृति शून्य ही मानी जायेगी। नरेन्द्र मोदी अकारण और बिना मुकदमा चलाये किसी विपक्ष के नेता या फिर अपने विरोधियो को जेल भेजवाने की तानाशाही प्रबृति नहीं दिखायी है। उसने कोर्ट को ठेंगा नहीं दिखाया है, कोर्ट की शक्ति को कम नहीं किया है, अभी भी हमारी न्यायपालिका बहुत ही सक्षम और स्वतंत्र है। सक्षम और स्वतंत्र होकर हमारी न्यायपालिका नरेन्द्र मोदी की सरकार की कमजोरियों पर बुलडोजर चलाती है, जवाब मांगती है। इलेक्टरोल बॉड का प्रसंग देख लीजिये। राजनीतिक पार्टियों की इस चंदाखोरी के मामले में न्यायपालिका ने कैसी सुनवाई की और किस प्रकार से इसे संविधान विरोधी घोषित कर दिया, यह भी स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट के डंडे के सामने भारतीय स्टेट बैंक को समर्पण करना पडा और चंदा देने वालों को बेनकाब करना पडा। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि जितने भी नेताओ पर मुकदमें चल रहे हैं वे सभी भ्रष्टाचार के मुकदमें हैं, भ्रष्टचार में लिप्त अगर नेता होगा तो फिर जनता पर मुकदमा कैसे चलेगा, जनता जेल कैसे जेल जायेगी, मुकदमा तो नेता पर ही चलेगा, जेल तो नेता ही जायेंगे? क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने नेशनल हैराल्ड मामले में भ्रष्टचार के आरोपी नहीं हैं, क्या केजरीवाल की सरकार ने शराब घोटाला नहीं किया है? केजरीवाल क्या शराब बेचने के लिए सत्ता में आये थे? केजरीवाल तो भ्रष्टचार मिटाने के लिए सत्ता में आये थे लेकिन खुद भ्रष्टचार में लिप्त हो गये। भ्रष्ट नेताओं को जेल भेजाने वाले और मुकदमा चलवाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तानाशाही का आरोप लगाना और लोकतंत्र समाप्त करने का अभियान चलाने का लाभ मिल सकता है क्या? क्या यह सही नहीं है कि भ्रष्टचारी नेता अपने बचाव में यह नहीं कह रहे हैं कि लोकतंत्र समाप्त करने के लिए हमें जेल भेजा जा रहा है। भ्रष्टचारियों की कोर्ट में निष्पक्ष सुनवाई हो रही है, जांच एजेंसियों को अपनी दक्षता दिखानी पड रही है।

संविधान पर नरेन्द्र मोदी का विचार भी स्पष्ट है। नरेन्द्र मोदी ने कह दिया है कि संविधान का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता है, संविधान समाप्त करने की कोई सोच भी नहीं सकता है, भारत का संविधान सुरक्षित हाथों में है, गतिशील भी है और जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व भी करता है। संविधान पर कुछ विचार और तथ्य यहां पर देखा जाना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी संविधान की कसौटी परखी गयी थी उस पर एक आयोग बनाया गया था पर संविधान को बदला नहीं गया, संविधान की मूल भावना को समाप्त नहीं किया गया। नरेन्द्र मोदी ने भी संविधान की भावना को आधुनिक समय के अनुसार परखने के लिए आयोग बनाये पर किसी आयोग ने प्रतिकूल सिफारिशें नहीं की है। आयोग का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति सरकार के विचारों को ही प्रतिनिधित्व करता है और सरकार के विचारों को ही स्थापित करता है। अगर नरेन्द्र मोदी की संविधान विरोधी भावनाएं होती तो वे अपने द्वारा गठित आयोगों और कमिटियों से संविधान विरोधी सिफारिशें जरूर कराते। भारतीय संविधान को लेकर भीभ राव अंबेडकर की एक विरोधी भावना भी चर्चित रही है। अबंडेकर खुद भारतीय संविधान को जलाना चाहते थे उनका यह विचार काफी प्रभावशाली रहा है। भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान को क्यों जलाना चाहते थे? इस पर संविधान विशेषज्ञ और भारतीय संविधान पर दो प्रमुख पुस्तकें लिखने वाले लक्ष्मीनारायण भाला कहते हैं कि भीमराव अंबेडकर नेहरू के कारण ऐसा करना चाहते थे, नेहरू ने दबाव देकर संविधान मे बहुत सारी अवधारणाएं ऐसी डलवा दी थी जिसे अंबेडकर पंसद नहीं करते थे। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि नेहरू के शासन को अंबेडकर संविधान की मूल भावना के खिलाफ मानते थे।

राजनीति में सर्वश्रेष्ठ जीत की आकांक्षा पालना गलत नहीं है, राजनीति में विरोधियों का समूल नाश करने की भावना रखना गलत नहीं है। कोई राजनीतिज्ञ अधूरे बहुमत की आकांक्ष नहीं रखता है, अपनी लूढी-लगडी सरकार नहीं चाहता है। हर पार्टी और हर राजनीतिज्ञ विशाल बहुमत चाहते हैं, मजबूत सरकार चाहते हैं। जनता अगर चाहेगी तो मोदी को चार सौ से पार सीटें दे सकती है और नहीं भी दे सकती है। इस प्रश्न पर विपक्ष को बहुत ज्यादा लाभ होने की उम्मीद नहीं है।

## मुद्दा

# हर वोट मायने रखता है

**गोवर्धन दास बिन्नाणी 'राजा बाबू'**
**मोबाइल : 9829129011**

सभी जानते ही नहीं, मानते भी हैं कि, किसी भी तरह की प्रतियोगिता हो या चुनाव, वहाँ मतदान के माध्यम से निर्णय की स्थिति में पहुँचना सर्व हितकारी होता है। यानी एक-एक मत अतिमहत्वपूर्ण होता है। मतदाता का एक-एक मत कीमती होता है, इसलिए ही हर मत मायने रखता है, बताया जाता है। इसके बावजूद बहुत से लोग इस पर विश्वास नहीं करते और यहाँ तक सोचते हैं कि, उनके एक मत से वास्तव में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं, जबकि इतिहास गवाह है कि, महज एक मत की हार से तख्तापलट हो गया, जीत हार में बदल गई और तो और सिर्फ एक मत से सरकार गिरी, राजाओं की गद्दी गई और हिटलर पदासीन हो गया।

इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहाँ एक मत ने पूरी बाजी पलट दी थी। देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में समय-समय पर ऐसे उदाहरण मिलते रहे हैं। अत: जब भी, जहाँ भी, आपको मत देने का अधिकार है, वहाँ आप बिना चूके, अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

ऐसे कई उदाहरण इतिहास में मिलते हैं जिसमें एक मत से हार का सामना करना पड़ा। 17 अप्रैल 1999 को सिर्फ 1 मत से अटल जी की सरकार गिर गई थी। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 270 और खिलाफ 269 मत पड़े थे। 2004 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जेडीएस के उम्मीदवार ए.आर.कृष्णमूर्ति भी सिर्फ 1 मत से हार गए थे और 2008 में राजस्थान की नाथद्वारा सीट से सीपी जोशी मात्र 1 मत से चुनाव हार गए थे।

इसलिए, लोकतान्त्रिक व्यवस्था में, चाहे देश चलाने के लिए हो या किसी भी तरह की संस्था चलाने के लिए मतदान द्वारा दायित्व सौंपा जाता है। मतदान आवाज और अवसर देता है। शक्ति को नियंत्रण में रखने में मदद करता है। मतदान लोकतंत्र की नींव है। मतदान जिम्मेदार और उत्तरदायी व्यवस्था के विकास को बढ़ावा देता है।अत:, मतदान मतदाताओं का एक कारगर अधिकार है। इसलिए, जागरूक बनें और बिना किसी दबाव, प्रलोभन के हर हालत में अपने



मताधिकार का उपयोग भूले बिना अवश्य करें, क्योंकि आपका एक मत आमूलचूल परिवर्तन में सहायक हो सकता है।

आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी लोग मतदान करें और देश के लोकतंत्र के उत्सव में भाग लें। क्या पता आपके एक मत से ही किसी की हार या किसी की जीत हो सकती है।

## नजरिया

# फ्लॉप शो साबित हो रहे राहुल गांधी के चुनावी जुमले

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

सोनिया, प्रियंका और कांग्रेस के नेता इस गहरी सोच में डूबे हैं कि आखिर राहुल में क्या कमी रह गई की जनता उसे स्वीकार नहीं कर रही है। कांग्रेस के युवराज राहुल गाँधी खूब पसीना बहाने के बावजूद सियासत में वह मुकाम हासिल नहीं कर पा रहे है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर प्रयासरत है। गाँधी – नेहरू परिवार में दो ही ऐसे नेता हुए जिन्होंने हार का स्वाद चखा। एक हार इंदिरा गाँधी के साथ जुडी है। 1977 में इंदिरा गाँधी रायबरेली से समाजवादी नेता राज नारायण से हार गई थी। इस सियासी परिवार के नाम दूसरी हार राहुल गाँधी के नाम है जिन्हें 2019 में समृति ईरानी ने हराकर धमाका कर दिया था, हालाँकि राहुल वायनाड से जीत कर संसद पहुँच गए थे। राहुल पिछले दो दशकों से जनता से जुड़े मुद्दे उठाकर लगातार एक सफल राजनेता की भूमिका में सक्रियता से जुड़े है मगर लाख प्रयासों के बाद भी वे अपनी पार्टी को हार के गर्त में जाने से नहीं रोक पाए है। वे जनता से जुड़े मुद्दे और नारे लगातार उछाल कर मुख्य धारा में बने रहने का प्रयास कर रहे है मगर सफलता अब तक नहीं मिली है। वे हर चुनाव में एक नया जुमला उछालते है मगर ये जनता के गले नहीं उतर पा रहे है। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके है। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर



बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल की भारत जोड़ो और न्याय यात्रा भी जनता में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पायी।

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में हाल ही संपन्न विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान फ्लॉप शो साबित हुई। तेलंगाना जीत कर कांग्रेस ने जरूर अपनी इज्जत बचाई है। इसके बावजूद कांग्रेस है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही है। राहुल, प्रियंका और कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनावों में अपने वही घिसे पिटे आरोप एक बार फिर दोहराये जो एक दशक से देश की जनता नकार रही है। इसके साथ ही नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान का जुमला भी लोगों ने स्वीकार नहीं किया। दूसरी तरफ मोदी ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना संघर्ष तेज़ कर दिया है।

राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। इससे पूर्व जब दुनिया भर के दिग्गज नेता दिल्ली में आयोजित जी -20 में शामिल होकर जहाँ भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में खुलकर सराहना कर रहे थे तो वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर देश और मोदी के खिलाफ जहर उगल रहे थे । यह वह वक्त था जब पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी । ऐसे समय में भी राहुल गांधी भारत को कोसने से बाज नहीं आये । अपनी यूरोप यात्रा के दौरान बेल्जियम पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रित संस्थाओं पर पर चौतरफा हमला हो रहा है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को दबाने की कोशिश पर यूरोपीय संघ के हलकों में भी चिंता है। राहुल ये दावा करते रहे कि वो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। राहुल गाँधी ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में कहा देश के संविधान को बदलने की कोशिश हो रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर हमले हो रहे हैं। सरकार दहशत में है और पीएम मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं।

राहुल गाँधी अपने देश के पीएम नरेंद्र मोदी के बहाने देश के लोकतंत्र पर हमला बोलते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । चीन की तरफदारी कर राहुल देश को ही कटघरे में खड़ा करते रहे है । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। वे यह भी कहते है भारत एक राष्ट नहीं है। जब से कांग्रेस देश की सत्ता से बाहर हुई है तब से उनकी हालत बिन पानी मछली सी हो रही है। धीरे धीरे कांग्रेस लगातार अपना वजूद खोती जा रही है मगर सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है । मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है, अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बातचीत



कन्नूर में कांग्रेस नेताओं की शीर्ष स्तरीय बैठक में राहुल गांधी, पूर्व केपीसीसी अध्यक्ष और कन्नूर संसदीय क्षेत्र के मौजूदा सांसद, के सुधाकरन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला, गुरुवार को जवाहर स्टेडियम में यूडीएफ द्वारा आयोजित सामूहिक सार्वजनिक बैठक के बीच बातचीत करते हुए।

# भारत के 125 और विदेश के 6 शहरों में होगी वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





वेल्लोर/दक्षिण भारत। वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) 19 अप्रैल से 30 अप्रैल तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों- दुबई, मस्कट, कतर, कुवैत, सिंगापुर और कुआलालंपुर में प्रॉक्टर्ड कंप्यूटर आधारित टेस्ट के रूप में आयोजित की जाएगी। बता दें कि यह वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस-वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी (अमरावती) और वीआईटी-भोपाल के बीटेक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा है। वीआईटीईईई-2024 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदक भाग लेंगे। परिणाम 3 मई को वेबसाइट वीआईटी डॉट एसी डॉट इन पर उपलब्ध होंगे और उसी दिन ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। वीआईटी-वेल्लोर, चेन्नई, वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के सभी परिसरों के बीटेक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 1 लाख रैंक के भीतर के आवेदक काउंसलिंग में भाग लेने के लिए पात्र हैं।विकल्प भरने के लिए काउंसलिंग का रैंक-वार शेड्यूल इस प्रकार है: 7 और 8 मई को रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1; 18 और 19 मई को रैंक 20,001-45,000 के लिए चरण 2; 29 और 30 मई को 45,001- 70,000 रैंक के लिए चरण 3 तथा 9 से 10 जून तक 70,001-1,00,000 रैंक के लिए चरण 4 है। एक लाख से ऊपर रैंक के आवेदक केवल वीआईटी-एपी और वीआईटी-भोपाल के लिए पात्र हैं। उनके लिए काउंसलिंग 20 और 21 जून को आयोजित की जाएगी। कक्षाएं जुलाई के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। वीआईटी आवेदकों को अपने पसंदीदा कार्यक्रमों में आवंटन सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान अधिकतम संख्या में विकल्प देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

जीवी स्कूल डेवलपमेंट प्रोग्राम (जीवीएसडीपी) के तहत वीआईटीईईई रैंक 1 से 10 वाले उम्मीदवारों को सभी चार वर्षों के लिए 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस छूट दी जाएगी। इसी तरह 11 से 50 रैंक तक के उम्मीदवारों को ट्यूशन फीस में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 51 से 100 रैंक वालों को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस छूट मिलेगी। 101 से 500 रैंक वाले उम्मीदवारों को 25 प्रतिशत ट्यूशन फीस छूट दी जाएगी। इसके अलावा तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जिला टॉपर्स (एक लड़का और एक लड़की) को स्टार्स स्कीम के तहत 100 प्रतिशत फीस माफी तथा हॉस्टल और मेस फीस से छूट दी जाएगी।

# मस्क की टिप्पणी पर बाइडन प्रशासन के अधिकारी ने कहा : संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में अमेरिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके। उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है।

विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, लेकिन निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है। इस साल की शुरुआत में मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल करने की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र की मौजूदा संरचना में सबसे अधिक आबादी वाले देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र निकायों में सुधार की आवश्यकता है। मस्क कुछ दिन बाद ही भारत की यात्रा करने वाले हैं।

# भारत में बाजार पहुंच में सुधार हुआ : यूएसटीआर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन ताई ने कहा कि भारत ने अमेरिकी कृषि उद्योग के लिए 12 अलग-अलग श्रेणियों में अपना बाजार खोल दिया है। अमेरिकी वित्त समिति द्वारा व्यापार पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान कुछ प्रभावशाली सांसदों के विदेशी देशों द्वारा अनुचित प्रथाओं का मुद्दा उठाने के बाद ताई ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन की नीतियों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन ने पिछले तीन वर्षों में 21 अरब अमेरिकी डॉलर की बाजार पहुंच सुनिश्चित की है। ताई ने बुधवार को कहा, इसमें भारत के साथ 12 शुल्क श्रेणियां शामिल हैं। भारत एक बढ़ता बाजार है जहां अमेरिकी निर्यातकों के लिए कई अवसर हैं।

उन्होंने कहा, हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों तथा समुदायों, खासकर हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। ताई ने कहा, मिसाल के तौर पर अमेरिका और भारत द्वारा सात डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) विवादों का निपटान करने के बाद भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक शुल्क हटाने पर सहमत हुआ। इसका मतलब है कि चना, दाल, बादाम, अखरोट और सेब तक पहुंच में सुधार होगा। इससे मिशिगन, ओरेगन, कैलिफोर्निया और वाशिंगटन सहित हमारे देश भर के किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, व्यापार सभी अमेरिकियों के लिए होना चाहिए। हमारा लक्ष्य हमारी व्यापार नीति में अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना बंद करना है और यही कारण है कि हम व्यापार नीति निर्धारण में अधिक प्रतिनिधित्व शामिल करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठा रहे हैं।

ताई ने कहा कि व्यापार नियमों को लागू करना इस वर्ष प्रशासन के लिए प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा, हम अमेरिकी श्रमिकों तथा व्यवसायों के लिए समान अवसर प्रदान करना जारी रखेंगे। हम अपने व्यापार समझौतों को सख्ती से लागू कर रहे हैं, अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अधिक से अधिक लोग व्यापार का लाभ उठाएं।

# भारत, अमेरिका के बीच लड़ाकू विमान इंजन के संबंध में हुआ समझौता क्रांतिकारी : ऑस्टिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। 'जनरल इलेक्ट्रिक' ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा। ऑस्टिन ने सदन विनियोग उपसमिति को बताया कि अमेरिका के भारत के साथ बेहतरीन संबंध हैं। उन्होंने कहा, हमने हाल में भारत को विमान का इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे उनकी क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं।

# आगामी वर्ष अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगा 'द फैमिली मैन' का तीसरा सीजन

मुंबई/एजेन्सी



अमेजन प्राइम की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के दो सीजन आ चुके हैं, दर्शकों को अब इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। इस वेब सीरीज में मनोज बाजपेयी एक जासूस के रोल में हैं जो अपने परिवार से इस बात को छुपाता है। उनकी पत्नी का रोल इसमें निभा रही हैं साउथ इंडियन एक्ट्रेस प्रियामणि। पहले सीजन ने ओटीटी पर धूम मचाई थी। दूसरे सीजन में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु एक आतंकवादी के रोल में छा गई थीं। दोनों ही सीजन हिट हुए और तभी से ही इसके तीसरे सीजन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसका तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होगा। शो के लीड स्टार मनोज बाजपेयी ने बताया कि 'द फैमिली मैन-3' अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। इसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस बार उनका किरदार और भी मजेदार होगा। सीरीज में उनकी पत्नी की लव स्टोरी दिखाई जाएगी।

तीसरा पार्ट की शुरुआत वहीं से होगी जहां दूसरा सीजन एंड हुआ था। इसके अधिकतर हिस्से की शूटिंग नॉर्थ-ईस्ट में होगी। इसे झीळाश तळवशे पर ही रिलीज किया जाएगा। मनोज बाजपेयी ने बताया कि तीसरा सीजन लोगों को सरप्राइज कर देगा। इसे देखने के बाद उनकी सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी कि क्यों 'द फैमिली मैन-3' को इतना लेट किया गया। मनोज बाजपेयी ने बताया कि इस सीजन को अब अगले साल ही रिलीज किया जाएगा। शूटिंग के बाद प्रोडक्शन का काम किया जाएगा। इन सब में काफी समय लग जाएगा। इसलिए 'द फैमिली मैन-3' को 2025 की शुरुआत में ही रिलीज किया जाएगा।

# 'थलाइवा 171' में नजर आ सकती हैं श्रुति हासन

मुंबई/एजेन्सी



दो वर्ष पूर्व कमल हासन को लेकर सिने दर्शकों को विक्रम देने वाले निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म की चर्चाओं को एक कारण जहाँ स्वयं लोकेश कनगराज हैं वहीं दूसरी ओर इस फिल्म की चर्चाओं का मुख्य कारण इस फिल्म के मुख्य सितारे रजनीकांत हैं, जिनके साथ कनगराज की यह पहली फिल्म है। अभी तक इस फिल्म का कोई शीर्षक तय नहीं किया गया है, फिलहाल इसे थलाइवा 171 के नाम से जाना जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माताओं द्वारा इस फिल्म का शीर्षक 22 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। तमिल सहित इस फिल्म की चर्चा उत्तर भारत की मीडिया और सोशल मीडिया पर भी जमकर हो रही है। अब थलाइवा 171 को लेकर एक और जानकारी सामने आ रही है।बताया जा रहा है कि लोकेश कनगराज ने अपनी इस फिल्म में श्रुति हासन को मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन कर लिया है। श्रुति हासन ने कुछ वक्त पहले ही निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ एक सुपरहिट म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया था। जिसमें लोकेश कनगराज मेन एक्टर बने थे। इस म्यूजिक वीडियो में दोनों की ही जोड़ी दर्शकों को काफी पसंद आई है। खबर है कि श्रुति हासन से निर्देशक लोकेश कनगराज खासा इंप्रेस हैं। ऐसे में वो उन्हें रजनीकांत स्टारर अपनी अगली फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर साइन कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या रजनीकांत अपने दोस्त कमल हासन की बेटी श्रुति हासन के साथ निर्देशक लोकेश कनगराज की इस मूवी में रोमांटिक जोड़ी में नजर आएंगे? या फिर दोनों के किरदार एक दूसरे के अपोजिट किसी और अवतार में दिखेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो श्रुति हासन इस मूवी में सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी का किरदार निभाने वाली हैं।

# सैमसंग ने साल 2024 में टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपए की बिक्री का लक्ष्य रखा

नई दिल्ली/दक्षिण भारत। अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता सैमसंग ने साल 2024 में भारतीय बाजार में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपए की बिक्री का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस मोहनदीप सिंह ने कहा कि कंपनी, जिसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम टीवी सेट की एक नई लाइन-अप पेश की, तेजी से बढ़ते भारतीय टीवी बाजार की मात्रा का लगभग 21 प्रतिशत नियंत्रित करती है और साल 2024 में इससे भी अधिक मजबूत होने की उम्मीद करती है।



उन्होंने कहा कि सैमसंग मध्य और प्रीमियम टीवी सेगमेंट में 'वॉल्यूम ग्रोथ' कर रही है और उम्मीद करती है कि साल 2023 में भारतीय टीवी उद्योग को बाजार में गिरावट का सामना करने के बाद यह प्रवृत्ति इस साल भी जारी रहेगी। सैमसंग प्रीमियम टीवी सेटों की बिक्री पर 'बहुत फोकस्ड' है, जो वर्तमान में यहां उसकी टीवी बिक्री में 40 प्रतिशत का योगदान देता है और उम्मीद करता है कि 55 इंच और यूएचडी से ऊपर के टीवी सेटों की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी।

मोहनदीप सिंह ने मीडिया को बताया, 'हम इस साल (टीवी बिक्री से) 2024 में अभूतपूर्व 10,000 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य रख रहे हैं और अपने नेतृत्व को और मजबूत कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, '10,000 करोड़ रुपए की टीवी बिक्री का आंकड़ा पार करना सैमसंग के लिए '2024 की सफलता की कहानी' होगी, क्योंकि 'हमने ऐसा पहले कभी नहीं किया है, न ही टीवी में किसी अन्य ब्रांड ने पहले ऐसा किया है।'

प्रदर्शन





हैदराबाद में गुरुवार को नंदलाल शोरूम द्वारा ज्वेल के लॉन्च तिथि की घोषणा कार्यक्रम में रचनात्मक आभूषणों का प्रदर्शन करतीं अभिनेत्री अमीक्षा पवार।

# राजकुमार राव के साथ नजर आएगी तृप्ति डिमरी

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी,राजकुमार राव के साथ फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आयेगी। तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव की नई फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' सोशल मीडिया पर अनाउंस कर दी गई है।दोनों कलाकारों ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस फिल्म को राज शांडिल्य ने लिखा और निर्देशित किया है,म्यूजिक सचिन और जिगर ने दिया है। राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रेट्रो पुरानी यादों वाली यात्रा के लिए कमर कस लें। 11 अक्टूबर 2024 को आ रहे हैं। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में आपको दिलचस्प यात्रा पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हूं।'

# खूब कामयाब होगी 'चमकीला': राघव चड्ढा

मुंबई/एजेन्सी



परिणीति चोपड़ा और राजनीतिज्ञ राघव चड्ढा ने सितंबर 2023 में शादी की थी। हाल ही में परिणीति का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वो अपने एक कॉन्सर्ट से पहले, राघव के साथ माइक चेक कर रही हैं। अब इंडिया टुडे के साथ एक खास बातचीत में परिणीति ने बताया है कि राघव कैसे उन पर म्यूजिक के लिए जोर देते हैं और मोटिवेट करते हैं। हाल ही में परिणीति, डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आईं, जिसमें उन्होंने फिल्म में कई गाने भी गाए। इस रोल के लिए परिणीति की खूब तारीफ भी हो रही है। जब परिणीति से पूछा गया कि फिल्म पर राघव का क्या रिएक्शन था? तो उन्होंने बताया, 'राघव बहुत स्वीट हैं। ये बहुत चीजी साउंड करेगा लेकिन वो सच में मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं। मुझे पता है सब यही कहते हैं, हां हम पति-पत्नी हैं, लेकिन हम दोस्त हैं। बल्कि, मुझे पति-पत्नी जैसा महसूस ही नहीं होता। मुझे लगता है हम दोस्त ही हैं।'

परिणीति ने बताया कि राघव सबसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 'चमकीला' के कामयाब होने की बात कही थी। उन्होंने आगे कहा, 'जब हमारा रिलेशनशिप शुरू हुआ ही था तब वो हमेशा कहते थे कि ये फिल्म बड़ी हिट होगी, और मैं उन्हें कहती थी कि तुम्हें कुछ नहीं पता, चुप रहो। पहले, फिल्म बनने दो और फिर उस दिन का इंतजार करेंगे।' परिणीति ने आगे बताया कि अब 'चमकीला' को मिला रिस्पॉन्स देखकर राघव फिर अपनी बात दोहराते हैं। उन्होंने बताया, 'आज भी वो ये चीज कहते हैं, 'देखो ये कितनी अच्छी चल रही है' और वो बहुत खुश हैं। मेरा परिवार बहुत खुश है। उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई है और सब लोग इतने खुश हैं क्योंकि वो ऑडियंस की तरह रियेक्ट कर रहे हैं। उनका ऐसा है कि आखिरकार तुमने ऐसा रोल किया है जिसमें तुम परफॉर्म कर रही हो और तुम गाने गा रही हो और ये परफेक्ट प्रोजेक्ट है, परफेक्ट फिल्म है। तो वो सब बहुत खुश हैंऔर सच कहूं तो उन्हें खुश देखकर मैं बहुत खुश हूं।' 'चमकीला' 80वे के दशक के मशहूर पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है, जहां दिलजीत दोसांझ ने चमकीला का किरदार निभाया है, वहीं परिणीति ने उनकी डुएट पार्टनर और दूसरी पत्नी अमरजोत कौर का रोल किया है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शक्ति सम्पन्न बनने के लिए साधना जरूरी है, साधना के लिए सरलता, विनम्रता चाहिए। अटूट श्रद्धा, एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता होने से मंत्र को साधा जा सकता है। मानसिक, शारिरिक, भावनात्मक शांति में मंत्र उपयोगी साधन बनता है। श्रावक समाज को नेम और प्रेम की बनिस्पत संघ और संघपति की सेवा में सलग्न बनना चाहिए। थीटा, बीटा आध्यात्मिक मंत्र साधना से अल्पा तरंगों में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रमाद, निन्दा, कुरूतियाँ दूर हो जाती हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि मैं शक्ति सम्पन्न बनू। जैन धर्म प्राचीनतम धर्म है।



# ब्यावर यूथ एसोसिएशन शपथ ग्रहण हुआ संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय ब्यावर यूथ एसोसिएशन का 14वां स्थापना दिवस एक होटल में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में अतिथि के रुप में एसोसिएशन के अजीत गोठी , अजय नाहर एवं गजेंदर सेठिया ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर नई कार्यकारिणी समिति ने शपथ भी ली।

निवर्तमान अध्यक्ष राकेश नाहर ने सभी का स्वागत करते हुए गत वर्ष सहयोग देने के लिए सभी का आभार जताया। निवर्तमान सचिव श्रेणिक बोथरा ने एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी।

अजीत गोठी ने नए अध्यक्ष राकेश ललवानी का सम्मान करअध्यक्ष पद पर स्थापित किया। इसके बाद राकेश ललवानी ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई। जिसमें आकाश जैन को सचिव, सुमित भिड़कचा को उपाध्यक्ष, प्रशांत आंचलिया को सहसचिव, विकास कोठारी को कोषाध्यक्ष, कमलेश कोठारी को सलाहकार तथा अर्पित कोठारी, पवनेश खींचा, एकता आंचलिया, मनीष रांका, विनोद गेलाडा, प्रवीण सपना सेठिया, श्रेणिक बोथरा, प्रियंका कवाड़िया, सुमन कटारिया, वरुण मुथा पद की शपथ दिलाई । इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पेशकश की गई।

अध्यक्ष राकेश ललवानी वर्ष 2024-25 के लिए 'बियोंड बाउंड्री' थीम की जानकारी दी। सचिव आकाश जैन ने धन्यवाद दिया। यह जानकारी अजय नाहर ने दी ।



# कोठारी भवन में महावीर जन्मकल्याणक की वर्धमान प्रसादी बनाने का कार्य प्रारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन युवा संगठन द्वारा 21 अप्रैल को प्रभु महावीर का 2623वां जन्मकल्याणक महोत्सव गांधीनगर में फ्रीडम पार्क में आयोजित किया जा रहा है।

इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद रुप में दी जाने वाली वर्धमान प्रसादी का निर्माण कार्य का शुभारंभ अशोकनगर के कोठारी भवन में बुधवार को अग्नि पूजन के साथ हुआ। अध्यक्ष महेद्र बागरेचा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। मंत्री मदन मुणोत ने महोत्सव की तैयारियों के बारे में बताया। भोजन कुकिंग व्यवस्था समिति के चेयरमैन विपुल पोरवल ने प्रसादी संबंधित जानकारी दी। प्रसादी निर्माण कार्य में गत कई वर्षो से महेंद्र जोधपुरी पारेख का सम्पूर्ण सहयोग मिल रहा है । प्रसादी वितरण समिति के चेयरमैन मनीष चोपड़ा ने प्रसादी वितरण की सुव्यवस्थित रूप से वितरण करने की रूपरेखा बताई। पेयजल समिति के चेयरमैन ऋषभ श्रीश्रीमाल ने बताया की इस वर्ष सभा स्थल पर शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था व्यवस्थित रुप से की गई है ।

प्रसादी के भट्टी पूजन में अध्यक्ष, मंत्री व संबंधित चेयरमैन के साथ उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिवेंसरा, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश बाबेल, प्रवीण ललवानी, प्रसादी कुकिंग समिति सहचेयरमैन कुंदन गोटावत, श्रीपाल दांतेवाडिया, मोनीश मुथा, जीतेश वया आदि उपस्थित थे।






# रामनवमी पर गूंजे प्रभु श्रीराम व दादी के जयकारे

**तिरुपुर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** स्थानीय दादी परिवार द्वारा हर महीने की भांति इस महीने भी चैत्र महीने कि रामनवमी के उपलक्ष्य में राणी सती दादी का मंगल पाठ गणेश मन्दिर रायपुरम में आयोजित किया गया जिसमें रामजी व दादी का दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं व अन्य लोगों ने दादी व रामजी के भजन गाए तथा जयकारें लगाए। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह, सरोज पत्ती, सुमन गुप्ता, मधु चौधरी, वीरा कामदार, सरिता तुलस्यान, मीनाक्षी, चंदा डीडवानिया आदि उपस्थित थीं। अंत में अध्यक्ष शीला शाह ने सभी को धन्यवाद दिया।


सम्मान — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सम्मान : बेंगलूरु के केपी अग्रहारा में गौरीपुत्र मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर देवी श्री अणम्मादेवी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत ने देवी की विशेष पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मुणोत ने जरुरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर मुणोत का सम्मान किया गया।

# जयनगर में संतश्री पुष्करमुनि का पुण्य स्मृति दिवस समारोह आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के जयनगर स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष दीपचंद भंसाली ने बताया कि शुक्रवार को उपाध्याय गुरुदेव श्री पुष्करमुनि का 32वाँ पुण्यस्मरण दिवस उपप्रवर्तकश्री नरेशमुनिजी, शालीभद्रमुनिजी के सान्निध्य में उपप्रवर्तिनी साध्वीश्री सत्यप्रभाजी, डा. दर्शनप्रभाजी व सुप्रभाजी के निश्रा में जैन स्थानक में आयोजित है ।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक सामायिक तप त्याग के आयोजनों करने का संकल्प लिया है। सुबह 9 बजे शुरु होने वाले आयोजन में गुरु पुष्कर के प्रति कृतज्ञता स्मरणांजलि प्रदर्शित करने का यह सुवर्ण अवसर है। संघ के मंत्री पदमचंद बोहरा ने सभी गुरुभक्तों को कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है। गुरु स्मृति दिवस को लेकर संघ में अपूर्व उल्लास है।

ज्ञातव्य है कि गुरु पुष्कर राजस्थान के उदयपुर जिलांतर्गत सेमटाल गाँव में जन्मे, 14 वर्ष की आयु में दीक्षित हुए और ब्राह्मण कुल में जन्म लेने वाले साधना के शिखर पर पहुंचे और हज़ारों की प्रेरणा के स्रोत बने।

उनके शिष्य आचार्य देवेंद्रमुनिजी, प्रवर्तक गणेशमुनिजी, उपाध्याय रमेशमुनिजी, सलाहकार दिनेश मुनिजी एवं उप प्रवर्तक नरेशमुनिजी आदि है।

# तिरुपुर में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 21 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुपुर। स्थानीय मां दुर्गा भक्त मंडल द्वारा रविवार को 16वां हनुमान जन्मोत्सव पीएन कॉलोनी के पंडीआर कल्याण मंडपम में रविवार को मनाया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में कोलकाता से आने वाले भजन गायक संजय शर्मा भजनों एवं झांकियां की प्रस्तुति देंगे। सुबह 10.30 सुबह 10.30 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ होगा और शाम को भजन संध्या एवं झांकियां की प्रस्तुति होगी।





# राजपूताना संगठन ने रामनवमी पर मनाया अपना स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय राजपूताना सेवा संगठन बेंगलूरु के अध्यक्ष सुनील सिंह, व्हाइटफील्ड युवा अध्यक्ष रोहित सिंह और मातृशक्ति अध्यक्ष सुभाषिनी सिंह के नेतृत्व में रामनवमी और संस्था का स्थापना दिवस मनाया गया। सलाहकार राजेश्वरसिंह ने सभी का स्वागत किया तथा संगठन की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने सामाजिक व मानवसेवी कार्यों का ब्यौरा दिया। स्थापना दिवस के मौके पर वर्ष भर में उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रेमसिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधांशुसिंह, आयोजन सचिव संजयसिंह, आरटी नगर अध्यक्ष चितरंजनसिंह, मातृशक्ति निर्मला सिंह, उपाध्यक्ष रोहिणी सिंह आदि सदस्यों ने हर्षोल्लास से रामनवमी और स्थापना दिवस मनाया।

# साधु और आचार्य के बीच पुल का कार्य करते हैं उपाध्याय : साध्वी स्वर्णांजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के बसवनगुड़ी स्थित जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में नवपद ओली की आराधना में साध्वीश्री स्वर्णांजनाश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि उपाध्याय यानी शिष्यों के पठन पाठन की जिम्मेदारी, विनय की प्रतिमूर्ति, निश्रावर्ती सभी साधुओं को संयम मार्ग में स्थिर करने का महान कार्य करने वाले मुनि होते हैं। आचार्य शासन को चलाते हैं तो संघ को जिस वाणी को तीर्थंकरो ने कहा है उस वाणी को उपाध्याय पदधारी हमें सुनाते हैं। योग्य आत्मा को वात्सल्य, स्नेह देकर उसे धर्म में रत करना उनकी जिम्मेदारी है। जैसे पंच परमेष्ठी में बीच में आचार्य विराजित है, वैसे गुरु तत्त्व के बीच उपाध्याय विराजित है। साधु और आचार्य के बीच पुल का कार्य उपाध्याय करते है। आचार्य जिनशासन के राजा है तो उपाध्याय जिनशासन के युवराज है और आने वाले समय में वो आचार्य बनकर शासन को मार्ग दिखाते है। आचार्य को तीर्थंकर की उपमा दी गयी है तो उपाध्याय को गणधर की उपमा दी गयी है। तीर्थंकर अर्थ का उपदेश देते है। मुमुक्षु को दीक्षा आचार्य देते है। उपाध्याय उसे संभालते है। आचार्य पिता जैसे हैं वहीं उपाध्याय माता के समान होते हैं। नवपद जी ओली में विशेष रुप से गुरुवर्याश्री श्रीपाल मैना सुन्दरी चरित्र का भी वांचन कर रही है।

# नल कनेक्शन मिला लेकिन पानी नहीं : आदिवासियों को आधे-अधूरे प्रलोभनों से फुसला रहे नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में नागरहोल के जंगलों में जेनू कुरुबा जनजाति के करीब 60 परिवारों की बस्ती नागरहोल गड्डे हाडी में एक छोटे-से कमरे में बैठकर करीब पांच से छह घंटों तक पढ़ाई करना ही बच्चों के लिए सबकुछ नहीं है लेकिन बस्ती में एक नयी आंगनवाड़ी में बैठे तीन से 10 वर्ष की आयु के करीब सात बच्चों की खुशी जाहिर है। बच्चे जानते हैं कि यह ऐसी सुविधा है जो उनसे पहले किसी को नहीं मिली। यह आंगनवाड़ी वन्य बस्ती में बनी इकलौती पक्की संरचना है। आंगनवाड़ी कार्यकर्जा जे के भाग्या ने बताया कि 12 फुट लंबा और 12 फुट चौड़ा यह कमरा कई वर्षों की खुशामद के बाद संभवत: चुनाव नजदीक आने के कारण पिछले साल जुलाई में बना था।

उन्होंने बांस की एक संरचना दिखाते हुए कहा, ''हमें शौचालय भी मिल गया है। इससे पहले हम खुले में काम कर रहे थे।'' यह बस्ती वर्षों से कई बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है और चुनाव के नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के नेता यहां के मतदाताओं को आधे-अधूरे प्रलोभनों के जरिये फुसलाने की कोशिश करते हैं।

इस बस्ती के प्रमुख जे के थिम्मा ने बताया कि जेनू कुरुबा समुदाय दशकों से मूलभूत सुविधाओं जैसे कि भूमि अधिकार, पानी तथा बिजली तक पहुंच के लिए सरकार से लड़ रहा है। थिम्मा नागरहोल बुडाकट्टू जम्मा पाली हक्कुस्थापना समिति' के भी अध्यक्ष है जिसके बैनर तले यह समुदाय अक्सर अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करता है।

नागरहोल बाघ अभयारण्य की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह वन 45 आदिवासी बस्तियों या जेनू कुरुबा, बेट्टा कुरुबा, येरावास और सोलिगा समुदायों के 1,703 परिवारों का घर है। इसमें कहा गया है कि वन में रह रहे आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं बनायी हैं। हालांकि, थिम्मा का कुछ और ही कहना है। उन्होंने कहा, वर्षों तक, उन्होंने हमें कुछ भी न देकर इन जंगलों से निकालने की कोशिश की है। इतने वर्षों में, हम यह सीख गए हैं कि कागज पर कई कल्याणकारी योजनाएं हैं लेकिन इनका लाभ बमुश्किल ही हम तक पहुंचता है। हमारे साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय से निपटने के लिए 2006 में वन अधिकार कानून पारित किया गया।

# हर्षोल्लास से हुआ राजेंद्र भवन का भूमिपूजन एवं खनन मुहूर्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। आचार्यश्री जयंतसेनसूरीश्वरजी की आज्ञानुवर्ती साध्वी श्री आत्मदर्शनाश्रीजी की निश्रा में शहर में प्रस्तावित राजेन्द्र भवन का गुरुवार को विधिवत भूमिपूजन एवं खननमुहूर्त हुआ। विधिकारक विक्रम गुरुजी एवं अरविंद गुरुजी ने नवग्रह, पाटला, अष्टमंगल पूजन करवाएं। इस अवसर पर साध्वीश्री आत्मदर्शनाश्रीजी ने बताया कि हम सबको गुरु के प्रति सदैव समर्पण के भाव रखने चाहिए। जीवन में गुरु के बिना अंधेरा है। आचार्यश्री जयंतसेनसूरीश्वरजी ने हुब्बल्ली में राजेन्द्र भवन का सपना देखा था जिसके लिए हमें नींव रखी है। अंत मे ट्रस्ट मंडल द्वारा भूमिपूजन के लाभार्थी सुमतिदेवी गणेशमल छात्रगोता एवं खनन मुहूर्त के लाभार्थी प्यारीबाई जुठमल सोलंकी परिवार का सम्मान किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अनेक ट्रस्टी व सदस्य उपस्थित थे।



## रामसेवा

बेंगलूरु की धार्मिक संस्था 'जीण माँ के दीवाने' के सदस्यों ने रामनवमी के अवसर पर चिक्क लालबाग तुलसी तोट्टा में अंज्जनैया मंदिर पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया तथा पनाका पेय बांटा।

# युवक ने पुलिस हिरासत में की खुदकुशी

जयपुर। राजस्थान में हत्या के आरोप में पकड़े गये एक युवक ने हवालात में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार यह घटना दौसा के लालसोट थाने की है। दौसा की पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने कहा कि मनोज मीना (32) को अपने रिश्तेदार की हत्या के आरोप में पकड़ा गया था।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.